लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews @janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

धनतेरस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 31
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12+1 (वेब संस्करण)
शुक्रवार | 10 नवंबर, 2023

**अयोध्या में पहली बार योगी कैबिनेट बैठकः** सीएम ने मंत्रियों संग रामलला के दर्शन किए, 14 प्रस्ताव पास, सभी मेलों का खर्च उठाएगी सरकार

# अब यूपी में जल परिवहन होगा सस्ता

- अयोध्या में अपनी पूरी कैबिनेट लेकर पहुंच गए योगी आदित्यनाथ
- सीएम पूरी कैबिनेट के साथ राम मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे
- योगी ने सबसे पहले रामलला की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में पहली कैबिनेट बैठक की है। लोकसभा चुनाव 2024 भी करीब है। बता दें कि 9 नवंबर 1989 को श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास हुआ था। सुप्रीम कोर्ट में सालों चले राम जन्मभूमि विवाद का फैसला भी 9 नवंबर 2019 को ही रामलला के पक्ष में आया था। गुरुवार को अयोध्या में हुई पहली कैबिनेट बैठक में 14 प्रस्ताव पास हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है। केंद्र और राज्य सरकार की 30,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की 178 योजनाएं पहले से ही अयोध्या में चल रही हैं। आज अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का फैसला किया है। इसके साथ ही अयोध्या के सभी मेलों का खर्च अब सरकार उठाएगी।

**अयोध्या में ये सारे नेता पहुंचे:** इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, राकेश सचान, अनिल राजभर, बेबीरानी मौर्या, एके शर्मा, धर्मपाल सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, जितिन प्रसाद, डॉ. संजय निषाद, आशीष पटेल, जयवीर सिंह, दयाशंकर सिंह, अरुण सक्सेना, योगेंद्र उपाध्याय समेत मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य मौजूद रहे।




### इन प्रस्ताव को मिली मंजूरी

- उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी। यूपी को एक्सपोर्ट हब बनाने में मदद मिलेगी। अयोध्या को काशी होकर कोलकाता से जलमार्ग से जोड़ा जा सकेगा। गंगा, यमुना, सरयू में क्रूज चलाएंगे।
- रामलला का मंदिर बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। इसलिए अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद की स्थापना की जाएगी। इसके तहत तीर्थ यात्रियों को ठहरने से लेकर खाने तक की सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।
- देवीपाटन धाम तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के प्रस्ताव भी पास किया है।
- रामायण शोध संस्थान बनाया जाएगा।
- नई ड्रोन पॉलिसी लागू की है। अब ड्रोन का रजिस्ट्रेशन कराना होगा।
- अयोध्या के माझा जमथरा गांव में भारतीय मंदिर वस्तुकला संग्रहालय बनाने के लिए 25 एकड़ भूमि दिए जाने का प्रस्ताव भी पास किया है।
- मुजफ्फरनगर के शुक्रताल धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव भी पास किया गया है।
- इनलैंड वाटर–वे प्राधिकरण के गठन के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।
- हाथरस में दाऊजी लक्खी मेला, अयोध्या के सभी मेला, बुलंदशहर में गंगा मेला, देव दीपावली आयोजन के खर्च सरकार द्वारा उठाने का प्रस्ताव भी पास हुआ है।
- प्रदेश में महिला स्वयंसेवी समूहों को उनके ही ब्लॉक में प्लांट लगाने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।
- 28 नवंबर शीतकालीन सत्र होगा। यह सत्र एक सप्ताह का होगा।

### मुख्यमंत्री योगी ने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ किए रामलला के दर्शन




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। इसके पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचकर बजरंग बली का दर्शन–पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक पदाधिकारी के मुताबिक हनुमानगढ़ी में दर्शन–पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का अवलोकन किया। अस्थायी गर्भगृह में विराजमान रामलला का दर्शन–पूजन किया और उनका आशीर्वाद लिया।

### 1000 साल बाद पीएम और सीएम ने अयोध्या का गौरव लौटाया

यूपी के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अयोध्या में कैबिनेट बैठक से पहले कहा कि आज करीब 1000 साल बाद पीएम और सीएम ने अयोध्या का गौरव लौटाया है। यह शहर दुनिया का सबसे बड़ा पर्यटक स्थल बनने जा रहा है। आज यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फैसले लिए जाएंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्ताव कैबिनेट के सामने हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है। उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर आज अहम बैठक हुई। केंद्र और राज्य सरकार की 30,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की 178 योजनाएं पहले से ही अयोध्या में चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बैठक में 14 महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाए गए।



# दुर्गावती मेडिकल कॉलेज से लापता महिला एसएनसीयू वार्ड के पीछे मिली मृत

*** मृतका के घर वालों ने दुष्कर्म के बाद हत्या करने का लगाया आरोप**

जन एक्सप्रेस । बांदा

नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई प्रसूता का शव मेडिकल कालेज के एसएनसीयू वार्ड के पीछे बनी नाली में औधे मुह पड़ा पाया गया। शव मिलते सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनो ने दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है।

थाना अतर्रा क्षेत्र के अनथुवा गांव निवासी रामसेवक ने अपनी 42 वर्षीय पत्नी पंचवटी को तीन नवंवर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। शाम को पंचवटी को आपरेशन से बच्ची हुई है। मंगलवार को अचानक हालत खराब हो जाने पर उसे इमरेजी में भर्ती कराया गया था। बुधवार की सुबह करीब 5:42 बजे पंचवटी अचानक गायब हो गई थी। परिजनो ने उसकी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग पता नही चला। गुरूवार की सुबह करीब 11 बजे आक्सीजन प्लांट में तैनात कर्मचारी शकील ने एसएनसीयू वार्ड के पीछे बनी नाली में औधे मुह पड़ा शव देखा तो पुलिस को सूचना दी।

सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे समेत कई थानो का फोर्स मौके पर पहुंच गया। सूचना पाकर एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

मृतका के भाई राहुल विश्वकर्मा निवासी हनुवा मानिकपुर हाल पता भीमनगर भोपाल ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन के साथ दुष्कर्म किया गया।

इसके उसकी हत्या कर दी गई। उधर मृतका के पति का कहना है कि मामला संदिग्ध है। मेडिकल कालेज प्रशासन की लापरवाही से उसकी पत्नी की मौत हुई है। उधर एएसपी का कहना है कि महिला के शव का दो डाक्टरो के पैनल और वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इमरजेंसी से कैसे गायब हुई महिला

बांदा। ऑपरेशन के बाद प्रसूता को मंगलवार को डिस्चार्ज होना था। लेकिन अचानक उसकी हालत खराब हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डाक्टरो ने देखा तो उसका ब्लड प्रेसर हाई हो गया। इसके कारण उसे इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। बुधवार की सुबह पांच बजकर 42 मिनट पर पंचवटी सीसीटीवी फुटेज में गेट से बाहर निकलती दिखाई दे रही है। इसके बाद कहा गुम हो गई। इसका का कोई सुराग नही मिला। इमरजेंसी और घटना स्थल की दूरी सिर्फ सौ मीटर है। आपरेशन का मरीज आखिर कार इतनी दूर कैसे यहा तक आ सकती है।

## संदिग्ध परिस्थितियो में बुजुर्ग की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** घर से इलाज करवाने के लिए निकले बुजुर्ग का शव पड़ा पाया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव निवासी चुनबाद (46) पुत्र सुदर का शव बुधवार की दोपहर जामा मस्जिद के पास पड़ा पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसकी जेब से मिले मोबाइल पर पुलिस ने घरवालो को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के भाई जुगला ने बताया कि वह अपनी पत्नी रूकमिन को लेकर बैंक गया था। वहां से आर्यावत बैक से समूह के तहत रूप निकाले। पत्नी को कुछ रूपया देकर घर भेज दिया। वह इलाज करवाने के लिए बांदा आया था।

# हिस्ट्रीशीटर सहित दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष तिन्दवारी कौशल सिंह व उनकी टीम द्वारा गुरूवार को अवैध गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना तिन्दवारी पुलिस को सूचना मिली कि 02 व्यक्ति अवैध गांजा लिए उसकी बिक्री की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस द्वारा छापेमारी कर खैरी मोड़ ग्राम जौहरपुर के पास से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक अभियुक्त अर्जुन साहू थाना चिल्ला का हिस्ट्रीशीटर है जिस पर लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट व एनडीपीएस एक्ट सहित दर्जन भर से अधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 14 किलो 800 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त में अर्जुन साहू पुत्र बैजनाथ नि0 पलरा थाना चिल्ला, रवि प्रताप गिहार पुत्र राम सिंह गिहार नि0 छोटेलालपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर है। इनके कब्जे से 14 किलो 800 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया है।

# आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही की नष्ट किए चार कुंटल लहन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर दीपावली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम अभियान चला रही है। चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को दबिश दी। इस दौरान मऊ थाना क्षेत्र से 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर 50 किलो लहन नष्ट किया,बरगढ़ थाना क्षेत्र से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर तीन कुंटल लहन एवं राजापुर थाना क्षेत्र से एक अभियुक्त को 21 लीटर कच्ची शराब, 40 किलो लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। आबकारी निरीक्षक मऊ कृष्ण कुमार मिश्रा, राजापुर नीरज वर्मा व उनकी टीम तथा राजापुर थाना के उप निरीक्षक कन्हैया सिंह, मऊ थाना के उप निरीक्षक इंद्रजीत गौतम एवं थाना की संयुक्त टीम ने क्रमशः मऊ थाना क्षेत्र के बम्बुरी गांव में दबिश देकर अभियुक्त केवला देवी पत्नी अशोक कुमार को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ 50 किलो ग्राम लहन नष्ट किया। इसी प्रकार बरगढ़ थाना क्षेत्र के कुरियाडीह गांव में दबिश देकर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया और तीन कुंटल लहन भी नष्ट किया।इसी प्रकार राजापुर थाना क्षेत्र के रुपौली गांव में दबिश दी।जहां अभियुक्त पवन कुमार सरोज पुत्र स्वर्गीय बोधन को महुआ की देशी शराब बनाते हुए मौके पर गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से कुल 21 लीटर देशी शराब,40 किलोग्राम लहन व शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किये। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया गया।इस प्रकार तीन गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद मऊ, बरगढ़ एवं राजापुर कस्बे में फुटकर आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण कर दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक का सत्यापन किया।

जहां डीलरो को नियमानुसार दुकानें संचालित करने के निर्देश दिए।इसके अलावा ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से संबंधित जन हानियों के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर आबकारी सिपाही लालचंद्र सरोज,सरताज खान,हमीद अहमद खां, दुष्यंत यादव एवं महिला सिपाही सुमित्रा देवी आदि मौजूद रहे।

## जीजीआईसी में हुआ नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश शासन आयुष विभाग, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार अष्टम आयुर्वेद दिवस के क्रम में गुरूवार को जी.जी.आई.सी. में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा (आयुष) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा वर्मा की उपस्थिति में शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं नागरिकों सहित कुल 265 लोगों को चिकित्सीय परामर्श दिया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। विभिन्न प्रकार के रोगों में आयुष विधा की उपयोगिता तथा हमारे आस पास उपलब्ध औषधीय पौधों के उपयोग व महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद प्राचीन व दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी रा.हो.चि. टिटिहरा गोंडा डॉ. शैलेंद्र सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी रा.हो.चि. सगवारा डॉ प्रभू सिंह, फार्मासिस्ट नौशाद अली एवं अभिमन आदि मौजूद रहे।

# जनता को विधिक जानकारियां उपलब्ध कराना है प्राधिकरण का लक्ष्य: जिला जज

जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरूवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का शान्ती देवी इण्टर कॉजिल पहाड़ी में आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारियां दी गयीं।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर ब्लाक मुख्यालय पहाड़ी में आयोजित राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि विधिक सेवा दिवस पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है। जिसमें विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम और मुकदमों के अधिकार के तहत विभिन्न प्रावधानों से लोगों को अवगत कराने के लिए इसका आयोजन हर साल 9 नवम्बर को किया जाता है। समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने एवं लोगों को उनके हक और अधिकारों के प्रति जागरूक के साथ कमजोर वर्ग और गरीब समूह को विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली ने देश में विधिक सेवा दिवस मनाने की शुरूआत की थी। विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य कार्य जनता को विधिक जानकारियां देना और लोक अदालतों का आयोजन कराना है। उन्होंने जनपद न्यायालय में उपलब्ध ई फाईलिंग के माध्यम से वादकारियों को वाद दाखिल करने की सुविधा की जानकारी दी।

विशेष सत्र न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने बताया कि 9 नवम्बर को सर्वोच्च न्यायालय में देशभर में कमजोर लोगों की मदद की शुरूआत की थी। उन्होंने उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों को मोबाइल में केवल अच्छी चीजें सीखनें के लिए प्रेरित करते हुए मूल कर्तव्यों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस निर्बल वर्ग के लोगों को विधिक सहायता प्रदान कर उन्हें विधिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। जिससे न्याय की पहुंच सर्वजन तक सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने नालसा के टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 015100 के बारे में भी जानकारी दी।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने बताया कि विधिक सेवा दिवस का उद्देश्य महिलाओं, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और मानव तस्करी के शिकार लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है। इस दिन देश के कई स्थानों पर खासतौर से पिछडे और आदिवासी क्षेत्रों में कानूनी साक्षरता शिविर और समारोह आयोजित किए जाते हैं।

इस दौरान विद्यालय की छात्रा संजना और खुशी को विधिक सेवा दिवस पर विचार व्यक्त करने के लिए जनपद न्यायाधीश ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन गीता सिंह ने किया।

इस मौके पर एसडीएम अमित त्रिपाठी, प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, अजय कुमार यादव, गया प्रसाद निषाद, योगेन्द्र सिंह, शिवचन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिकायत करना शिकायतकर्ता को पड़ा महंगा

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** नशीली पदार्थ बेंचने की शिकायत 1076 फोन पर करना शिकायतकर्ता को महंगा साबित होने लगा, जब पुलिस ने ही शिकायतकर्ता का मोबाइल छीनकर मारपीट की धमकी देने लगी। सुशील सोनी पुत्र रमाकिशोर निवासी अजीतपारा थाना बिसण्डा ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि गांव के ही नालू खेंगर तमाम नशील दवाईयां बेंचता था, जिससे गांव के छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो रहे थे जिसकी शिकायत क्षेत्रीय पुलिस से की। लेकिन न सुनवाई होने पर शिकायकर्ता सुशील ने नशा बेंचने वाले की शिकायत 1076 फोन पर की दी। सूचना पर एसओजी टीम ने मौके पर पहुंचकर संज्ञान लिया।

# कमिश्नर और डीआईजी ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम मंडल परिक्षेत्र बांदा विपिन कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने गुरूवार को जनपद में हो रहे दीपावली महोत्सव की तैयारी के सम्बन्ध में, पार्किंग निरीक्षण में शिवरामपुर धर्म कांटा के बगल में पार्किंग, अशोक लीलैंड के सामने, सीतापुर पेट्रोल पंप के सामने व रामायण स्थल के बगल में पार्किंग का निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पार्किंग में जनरेटर, लाइट व बैरिकेटिंग मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था कराएं। साथ ही रैन बसेरा में अतिरिक्त टेंट भी लगवाएं। उन्होंने अधिषासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि तार नीचे न लटकने पाए। उन्होंने जल निगम को निर्देशित किया कि टैंकर की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जगह-जगह स्वास्थ्य सुविधा रहनी चाहिए। उन्होंने को निर्देशि किया कि रोड पर गौवंश न घूमने पाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मेडिकल की व्यवस्था एवं एंबुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि गहराई वाले स्थलों पर बैरिकेडिंग कराएं। पुलिस उप महानिरीक्षक ने सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेला क्षेत्र को 9 जोन व 28 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें 17 पार्किंग बनाई गई है।पुलिस उप महानिरीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि बाहर के जनपदों में कोई कॉरपोरेशन नहीं मिलेगा। इसमें आप लोग लगकर कार्य कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि डायवजर्न पर विशेष ध्यान दें। मंडलायुक्त ने तीन दिवसीय मेले के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किए कि अपनी व्यवस्थाओं से चाक-चैबंद सतर्क रहें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे।

## चोरी के रूपयों के साथ चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि एक चोर को चोरी के 11950 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि बीते बुधवार को वादी धर्मेन्द्र साहू पुत्र श्यामलाल साहू निवासी शंकरबाजार ने थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि सोनेपुर स्थित उनकी सीमेंट सरिया की दुकान से प्रवीण कुमार वर्मा पुत्र त्रिलोकी नाथ वर्मा निवासी हरिजन बस्ती थाना मऊ ने 50 हजार रुपये चोरी कर लिये हैं। सूचना के आधार पर कोतवाली कर्वी में बनाम प्रवीण कुमार वर्मा के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

# दीपावली नजराना ही शुद्धता की गांरटी, छोटों पर सितम, बड़ों पर करम का खेल

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

त्यौहारों में मिलावटी खाद्य सामग्रियों के रोकने एवं लोगों तक शुद्धता के साथ सामान को पहुंचाने को लेकर शासन-प्रशासन के जांच के आदेशों को यहां खाद्य सुरक्षा विभाग के जिम्मेदार ही पलीता लगा रहे हैं। निरीक्षण एवं नमूने भरने के नाम पर छोटे दुकानदारों पर सितम करने वाले अफसर धंधे की बड़ी मछलियों से याराना संबंध बनाकर रखते हैं और इसी का नतीजा है कि इन ऊंचे और बड़े प्रतिष्ठानों में इनका करम चलता रहता है। ये यहां जाने की जहमत तक नहीं उठाते।

नतीजतन इन्हें व्यौहारी मिलती है और फुटपतिया व छोटे दुकानदार इनके सितम का बड़ा कारण बनते हैं।'

दीपावली हो या होली पर्व खाद्य सुरक्षा विभाग का चलने वाला निरीक्षण एवं नमूना भरने का अभियान वसूली तक सीमित होकर रह गया है। जिसके चलते शासन-प्रशासन की मंशा धरासायी हो रही है। दूध, पनीर, खोया, सरसों के तेल से लेकर खाने-पीने की चीजों पर होने वाली मिलावटखोरी पर रोक नहीं लग पा रही है। योगी सरकार की शुद्ध खाद्य पदार्थ की गारंटी पर बट्टा लग रहा है। जब कि शासन-प्रशासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान फिर शुरू हो चुका है और शहर, कस्बों से लेकर जिला मुख्यालय तक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की लगी टीमें ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं लेकिन इनकी छापेमारी दिखावा मात्र साबित हो रही है। खाद्य सुरक्षा के बजाय वसूली अभियान कहना ज्यादा उचित होगा। बड़े दुकानदारों के नजराने के चलते छोटे-छोटो दुकानदारो पर गाज गिर रही है। नाम न छापने की शर्त पर कई दुकानदारों ने यहां तक बताया कि निश्चित रकम देकर धंधा करने में कोई भी दिक्कत नहीं है। छोटी-मोटी पार्टियों एवं नाश्ता, जलपान की व्यवस्था तो करीब-करीब जिम्मेदारों के लिए बोनस के तौर पर निश्चित है लेकिन जिस तरह से यहां नमूनों को भरने के नाम पर वसूली का खेल चल रहा है वह किसी से छिपा नहीं है। चाहे तो खोवा की थोक मण्डी हो चहे तो बड़े-बड़े मिष्ठान विक्रेता या फिर सरसों तेल के थोक बिकेता या फिर अन्य सामग्री के थोक बिकेताओ की तरफ नजरे नही उठा रहे नजराना पहुँचते ही शुद्धता की गारंटी बन रही है। यह कोई दीपावली पर्व पर ही नही सभी बडे पर्वो मे नजराने की रीति परम्परागत चलती रहती है।


# कार्यालय जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0)

पत्रांक: 871/ निर्माण-ई-निविदा सूचना/जि0पं0चि0/2023-24 — दिनांक 09 नवम्बर, 2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड ग्रान्ट), पंचम राज्य वित्त आयोग एवं जिला निधि की धनराशि के अन्तर्गत जिला पंचायत, चित्रकूट द्वारा कराये जाने वाले 44 कार्य, जिनकी अनुमानित लागत मु0 322.41 लाख है, के निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 22-11-2023 को समय सायं 01:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो कार्यालय जिला पंचायत, चित्रकूट में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। निविदा उसी दिन 02:00 बजे अपरान्ह में निविदा समिति के समक्ष खोलीं जायेंगी, निविदा फार्म, कैशियर, जिला पंचायत, चित्रकूट से दिनांक 20-11-2023 व दिनांक 21-11-2023 को कार्यालय समय तक कार्यों की सूची में कार्य के सम्मुख कालम संख्या-6 में अंकित धनराशि जमा करके प्राप्त किये जा सकेगें। निविदा फार्म के साथ निर्धारित 2 प्रतिशत (कालम-5 में अंकित धनराशि) धरोहर धनराशि प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एन0एस0सी0/के0वी0पी0 एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0 जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, चित्रकूट के पक्ष में बन्धक होगी, संलग्न करना अनिवार्य होगा। विशेष परिस्थितियों में धरोहर धनराशि नकद भी जमा की जा सकती है। निविदा शर्तें एवं निविदा कार्यों की सूची आदि जिला पंचायत, चित्रकूट के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है। अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, चित्रकूट से प्राप्त/देखी जा सकती हैं। उक्त के अतिरिक्त निविदा कार्यों की सूची एवं शर्तें उप जिलाधिकारी, कर्वी/मऊ/राजापुर एवं मानिकपुर के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर तथा अधिशाषी अभियन्ता/लोक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग/लघु सिचाई विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग एवं कलेक्ट्रेट/विकास भवन/तहसील-कर्वी/मऊ/मानिकपुर/राजापुर के नोटिसबोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

**नोट**:- 1- निविदा डालने के पूर्व निविदादाता कार्य स्थल का अवलोकन अवश्य कर लें। निविदादाता द्वारा निविदा के साथ संलग्न की गयी धरोहर धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0 आदि का सत्यापन सम्बन्धित बैंक से कराये जाने के उपरान्त ही अनुबन्ध आदि की कार्यवाही की जायेगी। 2-न्यूनतम निविदादाता को निविदा खुलने के एक सप्ताह के अन्दर 10 प्रतिशत जमानत धनराशि (धरोहर धनराशि सहित) जमा कर कार्य का अनुबन्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में बिना किसी सूचना के धरोहर धनराशि जब्त करते हुए निविदादाता के विरूद्ध नियामानुसार कार्यवाही की जायेगी।

| (भगत सिंह) | (सुधीर कुमार) | (अशोक कुमार) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0) | जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0) | जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0) |


**छात्राओं ने प्रतिभाग लेकर प्रस्तुत किये कविता और पाठ**

# महिला महाविद्यालय में उर्दू दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । बांदा



राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के झलकारी बाई सभागार में उर्दू विभाग द्वारा उर्दू दिवस का आयोजन गुरूवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता उर्दू दिवस के अवसर पर उर्दू विभाग के साथ-साथ महाविद्यालय की अन्य छात्राओं ने भी कविता पाठ में प्रतिभाग किया। कविता पाठ करने वाली छात्राओं में इरा खान, अफसरी बेगम, खजरा बानो, उमामा खातून, उम्मे खनसा, सबा और मेघा मिश्रा के नाम प्रमुख हैं। कार्यक्रम का आरंभ इकबाल की कविता तराने हिंदी से हुई। इसके पश्चात छात्राओं ने अपनी पसंद के कवियों की रचनाओं का पाठ किया। उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ0 मोहम्मद अफजल हैं। अपने वक्तव्य में कहा कि उर्दू भाषा तभी तक सुरक्षित है, जब तक इसकी लिपि सुरक्षित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि इकबाल ने तराने हिन्दी में जिस भाईचारे का संदेश दिया है उसको आत्मसात् करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राशिदा खातून ने किया।

इस अवसर पर डॉ0 सबीहा रहमानी, प्रो0 जितेन्द्र कुमार, डॉ0 माया वर्मा, डॉ0 जय कुमार चैरसिया, डॉ0 ज्योति मिश्रा, डॉ0 जयप्रकाश सिह, डॉ0 शशि भूषण मिश्र, डॉ0 सपना सिंह, डॉ0 अंकिता तिवारी, डॉ0 जयंती सिंह, डॉ0 विनय कुमार पटेल, डॉ0 मोहम्मद अफजल, डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप चैरसिया, डॉ0 नीतू सिंह, डॉ0 संदीप सिंह, डॉ0 राम नरेश, डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, डॉ0 सचिन मिश्र, डॉ0 राशिदा एवं समस्त कार्यालय परिवार एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## 177वॉ एतिहासिक रावण बध मेला सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर।** जनपद का ऐतिहासिक खागा का रावण वध मेला रामलीला कमेटी के तत्वाधान मे सम्पन्न कराया गया। दो दिवसीय मेले मे नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। सडको को विद्युत झालरो, विद्युत गेट आदि से सजाया गया है। परम्परागत मेले मे तहसील क्षेत्र ही नही अन्य जनपदो से भी ऐतिहासिक मेले को देखने लाखो की भीड आती है। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए सर्किल क्षेत्र के सभी थानो का पुलिस बल नगर के प्रमुख स्थानो मे तैनात रहा। बताते चले कि जनपद का अति प्राचीन रामलीला का मंचन एक पखवारे पूर्व से चल रहा था। वही बुधवार को रावण वध का मंचन सहित परम्परागत मेले का आयोजन किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष के के मिश्र ने बताया कि प्रयागराज सहित अयोध्या की सुन्दर झाकियो को सम्बन्धित कमेटियो के माध्यम से दर्शाया गया। जिसको देखने के लिए पूरी रात दूर-दराज से आये दर्शको को मनमोह लिया। वही नगर के युवाओ द्वारा नगर के प्रमुख सडको मे विद्युत रोड लाईट सहित विद्युत गेटो को भब्याता के साथ सजाया गया है।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शुक्रवार | 10 नवंबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 32.2 (+2.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 14.4 (1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 94 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.6 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# डीएवी कॉलेज में प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच टकराव

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



कानपुर नगर। शहर में बीते दिन गुरूवार को डीएवी कॉलेज के सामने एबीवीपी और छात्र प्रिंसिपल के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का मुक्की हो गई, एसीपी कोतवाली रंजीत कुमार धक्का मुक्की में फंस गये और इस दौरान वह जमीन पर गिर गए। बवाल बढ़ता देख ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी मौके पर पहुंचे। कॉलेज में 10 थानों की फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों के साथ अपनी मांगों को लेकर प्रिंसिपल और प्रबंध तंत्र के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे। इस दौरान छात्रों ने प्रिंसिपल का पुतला फूंकने के लिए लिए परिसर में घुमाना चालू कर दिया। इसी बात पर पुलिस और एबीवीपी के पदाधिकारी और छात्रों के बीच आपस मे रार छिड़ गई। कुछ पुलिसकर्मियों ने छात्रों पर उन्हें मारने के लिए लाठी भी उठा ली जिस कारण छात्र अक्रोषित हो गए। दोनों पक्ष एक दूसरे को धकेलना लगे इसी दौरान एक गिरते छात्रा से टकराकर खुद एसीपी कोतवाली रंजीत कुमार भी गिर पड़े और उनके गिरने का वीडियो जमकर सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। हालांकि किसी ने भी एसीपी रंजीत कुमार को जानबूझकर नहीं गिराया था लेकिन इसे राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेताओं ने अलग अलग तरीके से परोस कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकी हैं।

**क्या क्या लगाए आरोप**

एबीवीपी सहित कई छात्र समूह अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कानपुर के डिग्री कॉलेज पहुंचे। छात्रों ने प्रिंसिपल पर भ्रष्टाचार सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है काफी संख्या में छात्रों का स्कॉलरशिप रुका हुआ है। कईयों का रिजल्ट गड़बड़ है। बढ़ी हुई फीस कॉलेज में प्रोफेसर नहीं होने के चलते छात्रों का भविष्य संकट में है। अन्य सब मांगों को लेकर छात्रों ने प्रदर्शन किया इसके बाद बवाल बढ़ गया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि डीएवी के प्रचार्य द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसको लेकर वह कॉलेज प्रशासन से छह सूत्रीय मांग कर रहे हैं। उन्हीं मांगों को लेकर आज प्रदर्शन करने आए थे। जब हम लोग पुतला दहन करने गए, तो पुलिस ने छात्राओं के साथ मारपीट और अभद्रता की। जिसमें कुछ लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना की जो वीडियो सामने आई है, उसकी बारीकी से जांच की जा रही है।

# किसानों को उन्नत तकनीकि के विषय में दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कल्याणपुर स्थित सब्जी अनुभाग में गुरुवार को अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं उन्नत किस्म आलू बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के अर्थ नियंत्रक आर.एन.सिंह ने विभाग द्वारा चलाई जा रही परियोजना का भरपूर लाभ उठाने का आवाहन किया । विशिष्ट अतिथि आईसीएआर अटारी कानपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.एस.के.सिंह ने किसानों को उन्नत तकनीकी के विषय में जानकारी दी। उन्होंने अधिक उपज एवं आय के लिए वैज्ञानिक विधि एवं उन्नत तकनीक के अनुसरण करने पर बल दिया।कार्यक्रम आयोजक सब्जी अनुभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राम बटुक सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अनुसूचित जाति उप योजना की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि मैथा विकास खंड के विभिन्न गांव से 75 कृषक लाभान्वित हुए हैं। इस अवसर पर डॉ.विजय कुमार यादव, डॉ.संजीव शर्मा, डॉ.पी.के.राठी,डॉ.पी.के.तिवारी,डॉ.संजीव सचान एवं डॉ.अजय कुमार यादव आदि वैज्ञानिकों ने किसानों को आलू की पैदावार बढ़ाने के बारे में जानकारियां दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.राजीव द्वारा किया गया। इस अवसर पर 100 से अधिक किसान मौजूद रहे।

# आधुनिकीकरण की स्पर्धा में हम संवेदनहीन होते जा रहे हैं: जी.एस. निगम

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




शहर के मेस्टन रोड स्थित बी.एन.एस.डी. बालिका इंटर कॉलेज में कुमोदिनी निगम स्मृति एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डा. जी.एस. निगम ने विधालय की रंगोली तथा वेस्ट मैटेरियल क्राफ्ट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाओं को आगे बढने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होने कहा कि आधुनिकीकरण की स्पर्धा में हम संवेदनहीन होते जा रहे हैं, जिसका कारण प्रारम्भ से सुसंस्कृत संस्कारों का आभाव है। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। हम जिस कार्य का आरम्भ करे उसे पूरी लगन तथा उत्साह के साथ करे तथा माता-पिता को ईश्वर मानकर उनका सम्मान करे। प्रस्ताविकी नीवन मोहिनी निगम ने प्रस्तुत की। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. राशि मिश्रा ने छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी थी। सभी अतिथियों ने स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विधालय की प्रधानाचार्या मंजू शुक्ला, प्राची ओम, वेदिका, आस्था, संगीता गुप्ता, डा. अपर्णा पाण्डेय, सुजाता, रोली द्विवेदी, सरिता बाजपेई सहित अन्य शिक्षिकाये तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# डीसीपी सेंट्रल की सर्विलांस सेल टीम के कारण 51 नागरिकों को मिला दिवाली गिफ्ट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




वर्तमान समय के आधुनिक युग में हर एक व्यक्ति का सच्चा दोस्त उसका मोबाइल बन चुका है। अगर यह आपके पास नहीं है तो ऐसा लगता है कि आपका एक सबसे सच्चा दोस्त अब आपके साथ नहीं रहा। क्योंकि यही है जो अपनों से रोजाना आपकी बात कराता है आप जब चाहते हैं कि आप किसी अपने को प्रत्यक्ष रूप से देखें तो आप लाइव वीडियो कॉलिंग पर उससे आमने-सामने बात करते हैं चाहे आप क्यों ना सात समुंदर पार रह रहे हों, बीते दिन शहर की डीसीपी सेंट्रल की सर्विलांस टीम ने शहर के नागरिकों के खोए हुए 51 मोबाइल ढूंढ निकालने के बाद उन्हें डीसी प्यपी प्रमोद कुमार और एडीसीपी आरती सिंह के हाथों से जब वापस दिलाया तो सभी बोल पड़े कि यह कानपुर पुलिस की ओर से उनके लिए दिवाली का गिफ्ट है। ज्ञातव्य हो कि गुरूवार को कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के सर्विलांस सेल सेन्ट्रल जोन की टीम द्वारा जनपद में खोये हुये मोबाइल फोन के सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर कार्यवाही करते हुये एवं अथक प्रयासों से अन्तरराज्यो एवं विभिन्न जनपदों से व अन्तर जनपदीय से कुल 51 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 15 लाख रुपये ) को जनपद कमिश्नरेट कानपुर नगर की सर्विलान्स टीम सेन्ट्रल जोन द्वारा बरामद किया गया था। बरामद मोबाइल फोन मोबाइल धारको को डीसीपी सेन्ट्रल प्रमोद कुमार वा एडीसीपी आरती सिंह के द्वारा प्रदान किया गया । लोगों को उनके कोई मोबाइल मिले तो उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा उन्होंने सभी अधिकारियों को दिल से धन्यवाद बोला। मोबाइल फोन बरामद करने वाली टीम में उ.नि. विक्रम सिंह प्रभारी सर्विलान्स सेल सेन्ट्रल जोन, हे.का. राजबहादुर सिंह सर्विलान्स सेल सेन्ट्रल जोन, हे.का.राकेश कुमार सर्विलान्स सेल सेन्ट्रल जोन, हे.का. भूपेन्द्र सिंह दांगी सर्विलान्स सेल सेन्ट्रल जोन,हे.का. अमरदीप सिंह सर्विलान्स सेल सेन्ट्रल जोन, का. शिवकुमार, सर्विलान्स सेल सेन्ट्रल जोन शामिल रहे।

# नीलिमा बाजपेई से कपड़े पाकर बच्चों के खिले चेहरे



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सब सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट जो विगत दो वर्षों से विभिन्न अवसरों पर गरीब बच्चों के उत्थान, शिक्षा और त्योहारों पर सहायता के लिए तत्पर रहती है। पिछ्ले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर ट्रस्ट की संचालिका नीलिमा बाजपेई ने बुधवार दोपहर ग्राम ज्योतिष एवं आसपास के क्षेत्र के पालक विहीन करीब 17 बच्चों को उनके मनपसंद नए वस्त्र दुकान से खरीदकर भेंट किए और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# विजय कपूर के हांथो टैबलेट और स्मार्ट फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खिली मुस्कान




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

वितरण योजना के अंतर्गत गुरूवार को शुभ स्नेह आई टी आई गोविंद नगर में मुख्य अतिथि चेयरमैन विजय कपूर के कर कमलों से संस्थान के सभी छात्र/छात्राओं को टैबलेट फोन वितरित किया गया। संस्थान की डायरेक्टर स्नेह सचान एवं प्रबन्धक राजकुमार ने मुख्य अतिथि को मंगल तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर स्नेह सचान, प्रबन्धक राजकुमार, अक्षय भइया, प्रध्यानाचार्य, अरविंद सचान, मंजुला, पूनम सचान, सुभम चौरसिया, नितिन कुमार, सत्तावन सविता एवं समस्त अनुदेशक उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूहों की 40 महिला सदस्यों को पुष्प देकर किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




शहर में गुरूवार को भारत सरकार द्वारा प्राप्त आदेश के क्रम में जल दिवाली कार्यक्रम में अमृत 2.0 के अन्तर्गत अभिनव प्रयास ‘‘ पानी के लिए महिलाए, महिलाओं के लिए पानी’’ का आयोजन जलकल विभाग नगर निगम कानपुर एंव जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कानपुर नगर के माध्यम से संचालित दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के संयुक्त तत्वाधान में स्वयं सहायता समूहो की 40 महिला सदस्यों को गुजैनी स्थित वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट में भम्रण कराया गया, जिसमें महिलाओं को स्सम्मान वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट लाया गया जिसके उपरान्त सुनील तिवारी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, राजकुमार पटेल, अवर अभियन्ता, जलकल विभाग, राजेश चौहान, जलकर विभाग, नगर निगम, एवं तेज कुमार, परियोजना अधिकारी (डूडा) व कु0 शिवागी सिंह एंव शुभम गुप्ता, शहर मिशन प्रबन्धक, डूडा, कानपुर नगर तथा सामुदायिक आयोजक कुलदीप निषाद द्वारा महिलाओं कों पुष्प देकर स्वागत किया गया।

# खुले मेनहोल, जल समस्या और टूटी सड़कों पर महापौर ने दिए कड़े निर्देश

**महापौर ने जल संस्थान पहुंचकर किया निरीक्षण**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



आगामी दीपावली त्योहार को लेकर महापौर प्रमिला पांडे की ओर से खुले मैनहोल, पानी की समस्या और टूटी सड़कों को लेकर निर्देश दिए गए हैं। महापौर दीपावली के मौके पर जल संस्थान पहुंची, उन्होंने कर्मचारियों की तनख्वाह आदि के बारे में जाना और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी, खुले हुए शहर में मैनहोल को लेकर उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में सभी मैनहोल में ढक्कन लगें, साथ ही ऐसे इलाके जहां पानी की आपूर्ति नहीं है, वहां पर टैंकर की व्यवस्था हो, उन्होंने कहा कि जिन सड़कों को जल संस्थान की ओर से तोड़ा गया है वहां भी समतलीकरण हो, साथ ही नगर निगम की ओर से तोड़ी गई सड़कों का भी समतलीकरण होना चाहिए।


# तेज रफ्तार डंपर ने राहगीर को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के घाटमपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार डंपर ने एक राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद भागने के चक्कर में चालक ने राहगीर को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पतारा कस्बा निवासी 52 वर्षीय चंदू उर्फ चंद्रपाल सोनकर खेती किसानी करके घर का भरण पोषण करते थे। गुरूवार शाम को वह कानपुर-सागर हाइवे के पास स्थित खेत से दवा लेने पतारा कस्बा आ रहे थे। इसी दौरान घाटमपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने चंदू को टक्कर मार दी और कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने कानपुर-सागर हाइवे को जाम कर दिया। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि परीजनों को समझाकर हाइवे से जाम खुलवाया गया है। अधेड़ के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में जाएगी।

# अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में कानपुर पुलिस अक्टूबर माह में रही यूपी में अव्वल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा ऑपरेशन कन्विक्सन अभियान के अन्तर्गत अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में कानपुर नगर पुलिस अक्टूबर माह में प्रथम स्थान पर पहुंच गई है। यह जानकारी देते हुए गुरुवार को एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि अक्टूबर माह में कुल 386 मामलों में पुलिस की अच्छी पैरवी की वजह से सजा दिलाने में कामयाब रही। उन्होंने बताया कि इस माह कानपुर पुलिस ने अक्टूबर माह में 20 वर्ष की कारावास, आजीवन कारावास एवं मृत्युदण्ड की कुल 38 मुकदमों में न्यायालय ने सजा सुनाया है। इसी तरह 10 वर्ष से 19 वर्ष के बीच में कुल 59 मुकदमों में अपराधियों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। हालांकि न्यायालय ने 10 वर्ष से कम की सजा 311 मुकदमों में सुनाई है। उन्होंने बताया कि पास्को एक्ट और दुष्कर्म के 30 मुकदमों में पुलिस सजा दिलाने में कामयाब हुई है। जिसमें 72 प्रतिशत रहा है जो प्रदेश में सबसे अच्छा काम पुलिस ने किया है। उन्होंने बताया कि एक से डेढ़ माह के दौरान 600 केस पुलिस ने चिन्हित किया है। उन्हें विकसित करते हुए ट्रायल करेंगे और ऐसे अपराधियों को सजा दिलाने का पूरा प्रयास किया जायेगा। कानपुर पुलिस आयुक्त डॉ.आर.के.स्वर्णकार ने सजा दिलाने वाले थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मचारियों को इनाम देने की घोषणा की है।

# डीएम ने की गौवंश आश्रय स्थलों समेत अन्य मामलों की बैठक, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन गुरूवार को जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) मैनेजमेन्ट समिति/जिला स्वच्छता समिति, सामूहिक विवाह योजना, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से संचालित हॉट कुक्ड मील योजना संचालन की स्थिति, गौवंश आश्रय स्थलों के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जनपद में लक्षित मॉडल ग्रामों के सापेक्ष कुल112 ग्रामों को ओ.डी.एफ. प्लस के मॉडल श्रेणी में घोषित किया जा चुका है। सामूहिक विवाह योजना हेतु शासन द्वारा 2168 का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 203 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। हॉट कुक्ड मील योजना के अंतर्गत प्रतिदिन पकाया हुआ भोजन आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में जिला स्वच्छता समिति, सामूहिक विवाह योजना, जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से संचालित हॉट कुक्ड मील योजना, गौवंश आश्रय स्थलों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिला पंचायत राज अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवंटित बजट के सापेक्ष अभी तक शत प्रतिशत व्यय न करने वाली ग्राम पंचायतों के पर्यवेक्षणीय सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) का स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए तथा संबंधित खंड विकास अधिकारी को कारण बताओं नोटिश निर्गत कराया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि 01 माह के अंदर जनपद की शत प्रतिशत ग्राम पंचायतों का जेम पोर्टल पर पंजीकरण हो, जिससे ग्राम पंचायतों में होने वाली क्रय प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जा सके।विकास खंड-कल्याणपुर, सरसौल एवं चौबेपुर में 05-05 एवं शेष विकास खंडों में 01-01 मॉडल ग्राम पंचायतों का चयन कर वेस्ट टू रिसोर्स/ग्राम पंचायत में आय के संसाधन बढ़ाए जाने एवं उक्त ग्राम पंचायतों में रेवेन्यू मॉडल बनाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना

विवेक यादव पुत्र राजेंद्र यादव वर्तमान पता 202 मानस विहार जे.के.कालोनी जाजमऊ कानपुर नगर में रहता है। दिनाँक 10/3/2019 को ग्वालियर से पुखराया जाते समय बैग चोरी हो गया जिसमे जरूरी कागजात व हाई स्कूल,इण्टर की ओरिजनल मार्कशीट थी जिसकी सूचना प्रार्थी ने कानपुर देहात के भोगनीपुर थाने में लिखित में दी थी ।

**सूचनाकर्ता**
विवेक यादव पुत्र राजेंद्र यादव पता मकान नम्बर 202 मानस विहार जे. के. कालोनी जाजमऊ कानपुर नगर मोबाइल नम्बर - 9794271385

## वेब थ्री पर सेमिनार का आयोजन कर बच्चों का किया मार्गदर्शन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। ए.आई.टी.एच.के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव शंखनाद कार्यक्रम के समापन दिवस पर संस्थान के इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा गुरुवार को वेब थ्री पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ता ऋषिक मुंशी द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर श्रमायुक्त कानपुर सौम्या पांडे मौजूद रही।कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग , केमिकल इंजीनियरिंग एवं बायो टेक्नोलॉजी विभागों के छात्रों ने अपने मॉडल को प्रदर्शित किया वही बायो टेक्नोलॉजी संकाय के छात्रों ने बायोडीजल बनाकर दिखाया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही शंखनाद प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान की निर्देशिका डॉ.रचना स्थाना, डॉ.श्रीनाथ द्विवेदी, डॉ.अनुज श्रीवास्तव, डॉ.मनीष सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन लोगों के लिए बनी मुसीबत

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



गांवों में घर-घर पेयजल की सुविधा के लिए सड़क खोदकर पाइपलाइन तो बिछा दी गई।लेकिन पाइप बिछाने के बाद सड़क को ठीक नहीं किया गया। पाइपलाइन से घर में पानी मिलने की सुविधा कब तक मिलेगी इसका तो पता नहीं है।खोदी गई सड़कें ग्रामीणों के लिए सर दर्द बन गई हैं।लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं।सड़कों पर चलना दुभर हो गया है।लोगों की यह पीड़ा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विभिन्न मंचों तक पहुंचाई जा रही है।बताते चलें कि जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायतों में पाइपलाइन के जरिए घर-घर पेयजल पहुंचाया जाना है।उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण द्वारा यह काम कराया जा रहा है।इसके तहत बोरिंग करने, टंकी बनाने से लेकर पाइप लाइन बिछाने तक का काम हुआ।फर्मों द्वारा सबसे पहले पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया है।पाइपलाइन सड़कों व गलियों में बिछाया गया।और इसके लिए सड़क को खोदना पड़ा।जब पाइपलाइन बिछ गई तो सड़क को ठीक कर देना चाहिए।लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।जिले का कोई ऐसा गांव नहीं है,जहां ठेकेदारों ने पाइप डालने के बाद रास्ता व खड़ंजा खराब ना कर दिया हो।सड़क को दोबारा ठीक करने के लिए कार्यदाई संस्था लापरवाही कर रही है।कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों के मुताबिक पाइपलाइन किनारे की ओर बिछाई जाती है।और जहां जगह नहीं होती वहीं बीच में बिछाते हैं। पाइपलाइन डालने के बाद इस बात का परीक्षण करना होता है,कि कहीं पाइप में लीकेज तो नहीं है।टंकी का निर्माण पूरा न होने पर समरसेबल के सहारे परीक्षण हो सकता है।परीक्षण में सब कुछ ठीक मिलने के बाद सड़क को पक्का किया जा रहा है। लेकिन कई स्थानों पर पांच छह महीने से अधिक समय बीत जाने पर भी सड़क को ठीक नहीं किया गया है।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने में कार्यदायी संस्था और फार्मो द्वारा मनमानी की गई है।नई सड़कों को भी खोद कर छोड़ दिया गया है। लोगों की ओर से इसकी शिकायत आए दिन की जाती है।कहीं भी टंकी का आता पता नहीं है।और लोगों को परेशानी झेलने के लिए छोड़ दिया गया है। विभागीय अधिकारी कहते हैं कि करीब सोलह महीने में परियोजना को पूरा करना है।ऐसे में बोरिंग पाइपलाइन बिछाने व टंकी बनाने का काम एक पैकेज के रूप में किया जा रहा है। पाइपलाइन में लीकेज तो नहीं है,इस बात का परीक्षण करने के बाद ही सड़क को पक्का किया जाता है।परीक्षण के बाद सड़कों को दुरुस्त कर दिया जाएगा।पाइपलाइन बिछाने में सड़क खराब होने और उसकी मरम्मत करने की शिकायतें लगातार हो रही हैं। निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने को कहा गया है।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव का रास्ता जल जीवन मिशन के ठेकेदारों ने खराब किया है। इंटरलॉकिंग को भी उखाड़ दिया है।आए दिन स्कूली बच्चे एवम् राहगीर चोटहिल हो रहे हैं।लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में दीपावली को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।जहाँ मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए साढ़े चार लाख रुपए से अधिक कीमत के अवैध पटाखों को जब्त किया गया।मौके से पुलिस ने एक अभियुक्त को भी हिरासत में लिया है।पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के पालपुर कस्बे के है।जहाँ बृहस्पतिवार को दोपहर स्वाट टीम प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा और सर्विलांस प्रभारी उमेश कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि पालपुर कस्बे में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण कर बेचा जा रहा है।मुखबिर से सूचना मिलते हरकत में आई टीम ने मौके पर पहुँचकर साढ़े चार लाख रुपए से अधिक के अवैध पटाखों को बरामद कर लिया।और मौके पर पटाखों को बेच रहे मो अयूब को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।स्वाट टीम प्रभारी धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार को जगदीशपुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि पालपुर कस्बे में अवैध पटाखों की बिक्री हो रही है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचकर कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है।

### सांसद के आश्वासन के बाद भी अभी तक नहीं मिला महिला को आवास

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिम्मेदार अधिकारी अमेठी सांसद के दावों की हवा निकालने में जुटे हैं। लगभग तीन माह पूर्व अमेठी के जामो क्षेत्र के पर्वतपुर गांव के दौरे पर आयी सांसद स्मृति ईरानी के सामने पूरे दिर्गज गांव से आयी एक महिला गिड़गिड़ा रही थी की दीदी मेरा पूरा घर गिर गया है। सांसद ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया था,की महिला को आवास दिलाया जाए। किन्तु गरीब दलित परिवार की इस महिला के घर अब तक किसी प्रकार की ना तो मदद मिली है।ना ही जिम्मेदारों का कोई आश्वासन।आखिर अमेठी की दीदी कहलाने वाली सांसद स्मृति ईरानी के दौरे के दौरान जनता की फरियाद की समस्या का समाधान सुनने के पश्चात जो अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है ? क्या वह वहीं तक सीमित रहेगा या संसद के निर्देशो का अमेठी के जिम्मेदार अधिकारी पालन करेंगे ! यह एक बहुत गंभीर सवाल है।

# विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्जनपद न्यायाधीश, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में आज विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन महात्मा गाँधी इण्टर कालेज रायबरेली में किया गया। उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा बताया गया कि सभी नागरिकों के लिए उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से 09 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के रुप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरुआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए गयी थी। उपस्थित लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ले0 दिनेश कुमार, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राजकुमार सिंह, उपप्रधानाचार्य अतुल द्विवेदी, प्रवक्ता हजूरी लाल, अशोक शुक्ला, पंकज वर्मा, देवेश सिंह, आशुतोष मिश्रा व अन्य स्टाफ, पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह, खुशबू भारती, सौम्या मिश्रा, मनोज कुमार प्रजापति, अमिता गुप्ता, पवन कुमार श्रीवास्तव, रत्ना बाजपेयी एवं राजकमल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद रायबरेली के विभिन्न क्षेत्रों में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया।

# गला रेतकर युवक की हत्या, छत पर खून में लथपथ मिला शव

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



कूरेभार थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का खून में लथपथ शव उसके घर की छत पर पाया गया। युवक की गला रेतकर हत्या हुई है। स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हर पहलू पर जांचकर रही है। फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड को बुलाया गया है। चार दिन पूर्व ही मृतक के घर पर भतीजे की शादी का जश्न था और आज मौत का कोहराम है।

जानकारी के अनुसार कूरेभार थाना अंतर्गत फूलपुर निवासी रमेश (40) रोज की तरह बुधवार की रात भी भोजन करने के बाद घर के अंदर छत के दूसरे तल पर जाकर सोया था। आज सुबह जब वो देर तक नहीं उठा तो परिवार उसे जगाने पहुंचे। वहां का मंजर देख चीख-पुकार मच गई। उसकी गला रेतकर हत्या हुई थी। खून में सना शव देखकर मृतक की मां सरोज कुमारी बेहोश हो गई। वही चीख चिल्लाहट सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी थानाध्यक्ष राम मिश्रा मौके पर पहुंचकर जांचकर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी की दो वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दीप सजावट प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



स्थानीय गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज, में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में दीप सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो.अंग्रेज सिंह÷राणा÷ के आशीर्वचनों के साथ इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में आप हार-जीत की परवाह किए बिना अपनी प्रतिभा का पूर्ण प्रदर्शन करिए। जैसे दिया अंधेरे को दूर भगाकर प्रकाश फैलता है, उसी प्रकार आप लोग भी समाज में अनैतिकता, अनाचार आदि के अंधेरे को मिटाकर सत्य का, ज्ञान का प्रकाश फैलाएं। गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.रीना त्रिपाठी डॉ.ज्योतिमा मिश्रा, शैलजा, ज्योति ने इस प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रो.नीलम तिवारी, प्रो. गीता त्रिपाठी, डॉ.अभिषेक कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ.भोलानाथ, डॉ. देवेंद्र, डॉ.अंजू, डॉ.शालिनी, डॉ.दीपा सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह आदि ने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में पी.टी.उषा समूह ने प्रथम, लक्ष्मीबाई ने द्वितीय, मैरीकॉम समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौम्या सिंह, द्वितीय स्थान तृप्ति तिवारी एवं तृतीय स्थान पारुल पाल ने प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों दीपा, निधि, शिवानी, गौरी, नूरी, रिया, रजनी, पूर्णिमा पाण्डेय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

# पराली रोकथाम के लिए जिलाधिकारी ने की बैठक, तहसीलदारों को लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पराली जलाने की घटनाओ की रोकथाम के लिए कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिया कि इस समय धान की कटाई का मुख्य समय है। इसी समय पराली जलाने की घटनाएं होती है। अतः इस पर कड़ी नजर रखी जाए। कही पर भी इस प्रकार की घटना होने पर तुरंत कार्यवाही करते हुए इस पर रोक लगाई जाए। जिन तहसीलों में पराली जलाने की घटनाएं हो रही है वहाँ के तहसीलदारों को फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अगर पराली जलाने की घटनाएं नही रोकी गयी तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली के समय भी अधिकतर स्थानों पर कचरे जलाए जाते हैं, जिनसे प्रदूषण होता है, अतः उनका उचित प्रबंध किया जाए और कहीं पर भी कचरा ना जलाए जाएं, इससे भी पर्यावरण को नुकसान होता है। बैठक में अपर जिला अधिकारी प्रशासन एवं वित्त, नगर मजिस्ट्रेट, जिला सांख्यिकी अधिकारी के अतिरिक्त सभी तहसीलों के तहसीलदार और जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

### लाखों की चोरी मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** बीते दुर्गापूजा महोत्सव के अवसर पर चोरों के लिए भी बड़ा अवसर साबित हुआ, पुलिस दुर्गापूजा संपन्न कराने में व्यत रही तो चोंर चोरी में व्यस्त रहें। कोतवाली नगर के गभडिया चैकी क्षेत्र में बीते 28अक्टूबर को महुअरिया निवासी बलराम तिवारी अपने परिवार के संग घर में ताला लगाकर दुर्गापूजा महोत्सव में दर्शन करने निकले थे, मौका देखकर चोर ने बलराम तिवारी के घर का ताला तोड़ घर में रखे नगदी व गहनों पर हाथ साफ कर दिया। लगभग चार लाख का नगदी सहित माल पार कर दिया। चैकी इंचार्ज विकास गुप्ता को सूचना दी गई, मौके पर पुलिस भी पहुंचकर मौका मुआयना करने के बाद 30 अक्टूबर को मुकदमा भी पंजीकृत हो गया, परंतु उसके बाद से अभीतक पुलिस की कार्यवाही कुछ खास नही नही। दूसरी तरफ बलराम तिवारी की पत्नी डरी हुई है, उनका कहना है कि पति काम के सिलसिले से बाहर रहते है, देर शाम घर आते है, ऐसे में मुझे और बच्चों को डर बना रहता है। सूत्र कि माने तो चोरी किसी गैंग ने अंजाम नही दिया है। पूर्व में भी घरों में चोरी हुई है। लोगों ने चोर पकडा भी है। परंतु पुलिस की जांच अभी तक ऊधर नही घूमी है, यदि सही से पुलिसिंग हो जाए तो चोर पुलिस के हाथ होगा।

# 'हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद' थीम को लेकर बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में आयुर्वेद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अनीता गुप्ता ने बताया इस वर्ष आयुर्वेद दिवस **हर दिन, हर किसी के लिए आयुर्वेद** की थीम पर आयोजित किया जाएगा।जिसमें जनपद स्तर पर आयुर्वेद के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के मध्य आयुर्वेद के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में औषधीय उपवन विकसित किए जाएंगे। साथ ही चित्रकारी प्रतियोगिता एकांकी,नाटक व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।किसानों के मध्य आयुर्वेद के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए औषधीय पौधों की खेती के प्रति जागरूक किया जाएगा। इन औषधीय पौधों के बारे में पंपलेट,पोस्टर,अन्य संचार माध्यमों से भी प्रचार प्रसार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में लोगों में संतुलित जीवन शैली, उचित खानपान व्यायाम आदि के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।आज दस नवंबर को तहसील गौरीगंज में प्रातःदस बजे से भगवान धनवंत्री के पूजन के उपरांत हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक यूनानी और योग का कैंप लगाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए अष्टम आयुर्वेद दिवस का आयोजन जनपद में भव्यता के साथ किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अधिकतम जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रचार प्रसार कराया जाय। कार्यक्रम के तहत बनाए गए सभी नोडल अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का सम्यकपूर्वक निर्वहन करके कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक के दौरान सीएमओ डा.अंशुमान सिंह, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस रीता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन शताब्दी दिवस के अवसर पर सेमीफाइनल क्रिकेट का आयोजन, फाइनल मैच 10 नवंबर को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिला खेल कार्यालय रायबरेली द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दिनांक 6 नवंबर 2023 से 10 नवंबर 2023 के मध्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इस प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच यूथ क्रिकेट अकादमी व नदीम सिद्दीकी क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया, जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए नदीम सिद्दीकी क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 20 ओवरों में 158 रन बनाए, निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्रिकेट अकादमी महज 67 रनों पर ऑल आउट हो गई।

इस प्रकार पहले सेमीफाइनल मैच को जीत कर नदीम सिद्दीकी क्रिकेट अकादमी ने फाइनल में अपनी जगह बनाई, जबकि इस प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी व यूथ क्रिकेट अकादमी जूनियर के बीच खेला गया, जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी ने आदित्य सिंह के नाबाद 102 रनों की मदद से 179 रनों का लक्ष्य खड़ा किया, जवाब में यूथ क्रिकेट एकेडमी जूनियर निर्धारित ओवरों में महज 80 रन ही बना सकी।

इस प्रकार से शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी इस क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत फाइनल मुकाबला दिनांक 10 नवंबर 2023 को प्रातः 8:00 बजे से श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी व नदीम सिद्दीकी क्रिकेट अकादमी के मध्य पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा।

# धोखाधड़ी से वसीयत लिखाने में पांच पर मुकदमे का आदेश

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सपना त्रिपाठी ने धोखाधड़ी से वसीयत लिखाने के मामले में आरोपी पिता-पुत्र समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश कुड़वार थानाध्यक्ष को दिया है। कुड़वार थाना क्षेत्र की बेला पश्चिम निवासी गीता सिंह पत्नी जितेन्द्र बहादुर सिंह ने जेठ जगत बहादुर सिंह, जेठानी मालती सिंह जेठ के पुत्र सिद्धार्थ बिक्रम सिंह, सिद्धार्थ की पत्नी शालिनी सिंह, जगत बहादुर के दामाद राजेश सिंह निवासी नेमुआ थाना गौरीगंज और दामाद राजू सिंह पुत्र रामयज्ञ निवासी ग्राम कटावां थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा दर्ज करने की अर्जी कोर्ट में दाखिल की थी। आरोप है कि गीता सिंह के ससुर शिव बहादुर सिंह की बीमारी और लाचारी की अवस्था में आरोपियों ने उन्हें दवा इलाज के बहाने सदर तहसील में ले जाकर आठ फरवरी 2017 को धोखाधड़ी से संपत्ति का वसीयतनामा मालती सिंह के नाम लिखा लिया। फर्जी ढंग से वसीयत लिखाने के बाद आरोपियों ने कई दिन तक शिव बहादुर सिंह को अपने कब्जे में रखा और घर वापस लेकर नहीं आए।


# कार्यालय जिला पंचायत, अमेठी

**पत्रांक : 505/ निविदा/नि0अनु0/जि0पं0/2023-24** **दिनांक : 09.11.2023**

**ई-निविदा सूचना**

जिला पंचायत अमेठी के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं अन्य समस्त राजकीय विभागों में वर्ष 2023-24 में पुजीकृत ठेकेदार/फर्म को जिन्हें कार्य कराये जाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि **विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि** योजनान्तर्गत के अन्तर्गत कुल 07 परियोजनाओं की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है :-

| अपलोड करने की तिथि व समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खुलने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 23.11.2023<br>समय अपरान्ह 12 :00 बजे से | दिनांक 30.11.2023<br>समय अपरान्ह 12 :00 बजे तक | दिनांक 30.11.2023<br>समय अपरान्ह 2 :00 बजे से |

निर्माण कार्य व उसके सापेक्ष शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस के साथ-साथ http://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

**अभियन्ता**
जिला पंचायत, अमेठी

**अपर मुख्य अधिकारी**
जिला पंचायत, अमेठी

**अध्यक्ष**
जिला पंचायत, अमेठी


### मोदी ही होंगे 2024 में पीएम, राम मंदिर का कपाट खुलते ही बदलेगी चुनावी दिशा: जगद्गुरु राम भद्राचार्य

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** बिजेथुआ महावीरन धाम पर सत्या माइक्रोसाफ्ट कैपिटल लिमिटेड के सीओ की ओर से बिजेथुआ महोत्सव का आज आयोजन किया गया है। जिसमें जगतगुरु राम भद्राचार्य पहुंचे। उन्होंने बिजेथुआ महावीरन धाम पर दर्शन किया। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा 2024 में मोदी फिर आएंगे। जगतगुरु से मीडिया ने सवाल किया कि 22 जनवरी को आपका सपना पूरा होने जा रहा है इसका क्या असर पड़ेगा।

बहुत असर पड़ेगा पूरा चुनाव और पूरे चुनाव की दिशा बदल जाएगी। बिजेथुआ महावीरन धाम को राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए क्या प्रयत्न है। मैं पूरा प्रयत्न करूंगा तो हो जाएगा और हो भी जाएगा। अगली मेरी कथा 22 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तब तक ये हो जाएगा।

# आगामी धनतेरस व दीपावली को लेकर 09 से 12 नवंबर तक रूट डायवर्जन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




आगामी धनतेरस व दीपावली त्यौहार को देखते हुए रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा 09 नवम्बर 2023 से 12 नवम्बर 2023 तक इन मार्गो पर रहेगा डायवर्जन। डायवर्जन किये गये मार्ग में सुल्तानपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन बनवारीपुर सुल्तानपुर रोड पर रोके जायेंगे। मोहनगंज जगदीशपुर अमेठी की ओर से आने वाले वाहन पावर ग्रिड अमावां पर रोके जायेंगे। भारी वाहनों का रतापुर सिविल लाईन, बरगद चैराहा सई नदी ओवर ब्रिज की तरफ से रायबरेली शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा। लालगंज की ओर से राजघाट की तरफ आने वाले भारी वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा।रोडवेज बसों, आवश्यक वस्तुओं की गाडियो को परिस्थितियों के अनुसार परविर्तित कराकर निकाला जायेगा। शहर के अन्दर अस्पताल चैराहे से खालसा चैक की ओर चार पहिया वाहन, कार जीप, लोडर, ई-रिक्शा, आटो आदि का आवागमन प्रातः 9.30 से रात्रि 10.30 तक प्रतिबन्धित रहेगा। शहर के अन्दर दीवानी गेट से कोतवाली रोड, घण्टा घर, कैंपरगंज की ओर चार पहिया कार, जीप, लोडर, ई-रिक्शा, आटो आदि का आवागमन प्रातः 9:30 से रात्रि 10.30 तक प्रतिबन्धित रहेगा।

शहर के अन्दर खोया मण्डी सराफा बाजार से कैंपरगंज की ओर चार पहिया वाहन, कार, जीप, लोडर, ई-रिक्शा, आटो आदि का आवागमन प्रातः 9.30 से रात्रि 10.30 तक प्रतिबन्धित रहेगा।


**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# योगी सरकार में मंत्री रहे आशुतोष टंडन का निधन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार के पूर्व मंत्री और लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से विधायक आशुतोष टंडन उर्फ गोपाल जी का गुरुवार को निधन हो गया। लखनऊ के मेदांता अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। 26 सितंबर से वह मेदांता लखनऊ में भर्ती थे। वहीं, गुरुवार दोपहर 12 बजकर 7 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। पूर्व मंत्री कैंसर से जूझ रहे थे। जिसके चलते उन्हें 6 महीने में 5 बार अस्पताल में एडमिट कराना पड़ा था। दोपहर ढाई बजे आशुतोष टंडन का शव बीजेपी प्रदेश कार्यालय लाया गया। यहां उन्होंने श्रद्धांजलि दी जा रही है। आशुतोष टंडन लखनऊ के पूर्व सांसद और पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन के बेटे थे। 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें योगी सरकार में मंत्री बनाया गया था। वर्तमान में वे लखनऊ पूर्व सीट से विधायक थे। उनके करीबियों का कहना है कि काफी समय से वह बीमार चल रहे थे।



### ब्रजेश पाठक, सतीश महाना और भूपेंद्र चौधरी ने व्यक्त की संवेदना

पूर्व मंत्री के निधन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा, यह हमारी निजी क्षति है। उनके निधन से प्रदेश की राजनीति में शून्यता आई है। मैं जो महसूस कर रहा हूं उन भावों को शब्दों से वर्णन नही कर सकता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक्स पर लिखा- सरल व्यक्तित्व के धनी लखनऊ पूर्व से माननीय विधायक श्री आशुतोष टंडन जी के निधन की अत्यंत दु:खद सूचना प्राप्त हुई। आपका जाना हम सभी के लिए अपूर्णीय क्षति है। आपका जनसेवा व भाजपा के प्रति अतुलनीय योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि गोलोकवासी पुण्यात्मा को शांति तथा परिजनों व समर्थकों को संबल प्रदान करें। ऊँ शांति! भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने एक्स पर लिखा- भारतीय जनता पार्टी के कर्मठशील नेता, पूर्व मंत्री एवं लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय विधायक श्री आशुतोष टंडन गोपालजी के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायी है। टंडन जी अपने कर्तव्यनिष्ठता, सादगी, सरलता और ऊर्जावान नेता के रूप सदैव याद किये जाते रहेंगे। परमपिता परमेश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों एवं समर्थकों को यह असहनीय पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ओम शांति!

### रक्षा मंत्री ने पूर्व मंत्री के निधन पर सवेंदना व्यक्त की

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं लखनऊ पूर्व के विधायक, श्री आशुतोष टंडन उर्फ़ 'गोपालजी' के निधन से मुझे गहरा दु:ख हुआ। उनका राजनीतिक जीवन लखनऊ वासियों की सेवा में समर्पित था। पार्टी को मज़बूती देने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लखनऊ और प्रदेश के विकास के लिए, उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे। दु:ख की इस घड़ी में उनके शोकाकुल परिवार के प्रति मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ। ओम शान्ति! योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उनके पास नगर विकास, रोजगार और गरीबी उन्मूलन जैसे कई बड़े मंत्रालय का जिम्मा था। आशुतोष टंडन के पिता लालजी टंडन मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल थे। लालजी टंडन को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का बेहद करीबी माना जाता था। अटल के बाद 2009 में लखनऊ से उनको भाजपा ने अपना लोकसभा उम्मीदवार बनाया था। 5 साल वो लखनऊ के सांसद रहे।

**सीएम योगी ने पूर्व मंत्री के निधन पर दुख व्यक्त किया:** सीएम योगी ने एक्स पर लिखा- उ.प्र. सरकार के पूर्व मंत्री एवं लखनऊ (पूर्व) के विधायक, श्री आशुतोष टंडन 'गोपालजी' का निधन अत्यंत दु:खद है। एक जनप्रिय, कर्मठ, जुझारू राजनेता के रूप में वे सदैव याद किए जाएंगे। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। ओम शांति!

# दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव ने ली विदाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गुरुवार को दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव के समापन के अवसर पर सर्वप्रथम अपने क्षेत्र के विधायक आशुतोष टण्डन गोपाल जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। पण्डाल में उपस्थित पदाधिकारियो एवं हजारों दर्शको ने उन्हें दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना की। उत्तराखण्ड महोत्सव के समापन दिवस का शुभारम्भ महापरिषद के संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष-हरीश चन्द्र पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-मंगल सिंह रावत, उपाध्यक्ष-गोविन्द बल्लभ फुलारा, महेश चन्द्र रौतेला, पूरन सिंह जीना, महासचिव-भरत सिंह बिष्ट, सचिव-राजेश बिष्ट, कोषाध्यक्ष-के0एस0 चुफाल, सांस्कृतिक सचिव-महेन्द्र सिंह गैलाकोटी, मोहन पंत सहित समस्त पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। हरीश चन्द्र पंत, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा दिनांक 09 नवम्बर को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं पर्यटन के लिए प्रसिद्ध उत्तराखण्ड वासियों, अतिथियों, पदाधिकारियों, सदस्यों, कलाकारो एवं दर्शकदीर्घा में उपस्थित दर्शको को बधाई दी। इस अवसर पर परिषद पत्रिका उत्तराखण्ड दर्पण-2023 ''हीरक जयन्ती विशेषांक'' का विमोचन किया गया इस अवसर पर स्मारिका के सम्पादक मण्डल में पूरन सिंह जीना, भुवन चन्द्र पाठक, के0एस0 चुफाल, सुनील कुमार उप्रेती, पी0एस0 बिष्ट, डा0 करूणा पाण्डेय, जगत सिंह राणा, राजेश बिष्ट, रमेश चन्द्र सिंह अधिकारी, राजेन्द्र सिंह कनवाल, कैलाश सिंह उपस्थित रहे। दोपहर 02 बजे से - 05 वर्ष से अधिक बच्चों द्वारा फिल्मी, उत्तराखण्डी, अवधी गीतो पर एकल नृत्य एवं समूह नृत्य की सुन्दर एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गयी

सांय 04 बजे से सूचना विभाग उ0प्र0 द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी, रजनी सिंह के नेतृत्व में ए रॉक स्टार डांस अकादमी द्वारा गरबा उड़ी डी जाय की प्रस्तुति, हरितिमा पंत के नेतृत्व में संगीत सांस्कृति फाउण्डेशन द्वारा गढ़वाली लोक नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति देकर दर्शको का मन मोहा।



### राज्यपाल ने धनतेरस और दीपावली की प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल 10 नवम्बर से प्रारम्भ हो रहे पांच दिवसीय प्रकाश पर्व धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से सबके स्वस्थ-समृद्ध, प्रसन्न और प्रगतिशील जीवन की कामना की।आज यहां जारी एक शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा कि पर्वो के इस उल्लास को हम सब जरूरतमंदों के साथ भी बाँटें। उन्होंने कामना की कि यह प्रकाश पर्व प्रदेश में सभी के जीवन में सुख, संपन्नता और सौभाग्य लेकर आए। इसके साथ ही राज्यपाल ने लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने , सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने और पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन पटाखे जलाकर पर्व खुशियां मनाने की अपील की है।

## खेत में जुताई करते वक्त ट्रैक्टर में फंसकर युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

- घर का इकलौता लड़का था कृष्ण कुमार उर्फ मस्तराम

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील इटौंजा क्षेत्र अंतर्गत मरपा गांव के कृष्ण कुमार उर्फ मस्तराम ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करवा रहे थे वह स्वयं जुताई करने के लिए जैसे ही रोटावेटर में चढ़ने लगे उसका पैर फिसल गया और एक पैर कट गया और मस्तराम बुरी तरह से घायल हो गये। वहीं उसके पिता उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाते कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। बता दें कि उसके पिता झब्बू लाल ने बताया कि कृष्ण कुमार उर्फ मस्तराम 24 वर्ष ट्रैक्टर से रोटावेटर से अपने खेत की जुताई करवा रहा था जैसे ही वह स्वयं पिछे से रोटावेटर पर पैर रखा उसका पैर फिसल गया और मस्तराम रोटावेटर के निचे आ गया, जिसमें मस्त राम के शरीर के कमर से नीचे पैर तक कट गये जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। वहीं उसके परिजन व पिता झब्बू उसे उपचार के लिए ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मस्तराम अपने घर में पिता का एक इकलौता लड़का था पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।

## भारत निर्वाचन आयोग देगा नेशनल मीडिया अवार्ड

- मतदाताओं की शिक्षा व जागरूकता के लिए मिलेगा पुरस्कार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारत निर्वाचन आयोग ने नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 के लिए उत्तर प्रदेश के मीडिया संस्थानों से 10 दिसम्बर तक मतदाताओं की शिक्षा व जागरूकता पर सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए सिफारिशें एवं प्रस्तुतियां आमंत्रित की हैं। मीडिया संस्थानों को यह पुरस्कार चार श्रेणियों में दिया जायेगा, जिसमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक रेडियो मीडिया, आनलाइन इन्टरनेट व सोशल मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पुरस्कार दिए जायेंगे।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोग द्वारा पुरस्कार दिया जायेगा। यह पुरस्कार चुनावों की प्रक्रिया तथा सुलभ चुनाव के बारे में तथा लोगों को शिक्षित करने और पंजीकरण के प्रति जागरूकता पर दिया जायेगा।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या | 1101-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता उत्तर रेलवे लखनऊ- द्वितीय कॉल दिनांक 08.11.2023 |
| कार्य का नाम | पुराने प्रथम श्रेणी एफ0ओ0बी0 चारबाग स्टेशन से 04 नम्बर एस्केलेटर को लखनऊ मण्डल के अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करना। |
| अनुमानित लागत | रु.96,67,103/- (छियानवे लाख सस्सठ हजार एक सौ तीन रूपये मात्र) |
| बयाना राशि | रु.1,93,400/- (एक लाख तिरानवे हजार चार सौ रूपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 04.12.2023 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0 उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई- निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर चैक की जा सकती है। |
| योग्यतमान दंड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होगे जो योग्यता मानदंड को पूरा करते हो। |
| तकनिकी योग्यता मानदंड | निविदाकर्ता के पास राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस होना चाहिए तथा फर्म अपने ऑफर के साथ विद्युत लाइसेंस के सभी विवरण सलंग्न करे। |
| तकनिकी योग्यता मानदंड Similar nature of work | इस निविदा के लिए तकनीकी पात्रता मानदंड के निर्धारण के लिए केवल निम्नलिखित कार्य को समान कार्य माना जाएगा निविदाकर्ता भौतिक रूप से निविदा खोलने की तारीख के पिछले 07 (सात) वित्तीय वर्षो और निविदा खुलने वाले माह से पिछले माह की अंतिम तिथि तक के लिए यानी पात्रता अवधि में निम्नलिखित कार्य पूर्ण या पर्याप्त रूप से पूर्ण होने चाहिए। (i) तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो, अथवा (ii) दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो, अथवा (iii) एक समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो |
| Definition of Similar nature of work | इस निविदा हेतु केवल निम्नलिखित कार्यो को तकनीकी योग्यता मानदंड के अन्तर्गत समान प्रकृति का कार्य माना जाएगा:- **"Supply, Installation, Testing and Commissioning of Escalator/ Travelator etc with or without AMC."** |
| वित्तीय योग्यता मानदंड | The tenderer must have minimum average annual contractual turnover of V/N or 'V' whichever is less; where V=Advertised value of the tender in crores of Rupees N=Number of years prescribed for completion of work for which bids have been invited. The average annual contractual turnover shall be calculated as an average of "total contractual payments" in the previous three financial years, as per the audited balance sheet. However, in case balance sheet of the previous year is yet to be prepared/audited, the audited balance sheet of the fourth previous year shall be considered for calculating average annual contractual turnover. The tenderers shall submit requisite information as per Annexure-VIIB, along with copies of Audited Balance Sheets duly certified by the Chartered Accountant/Certificate from Chartered Accountant duly supported by Audited Balance Sheet. |

सूचना सं 1101-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता उत्तर रेलवे लखनऊ द्वितीय कॉल दिनांक 08.11.2023 3510/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आयुष मंत्री ने किया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह का उद्घाटन

- आयुर्वेद कहता, हम व्यक्ति को बीमार ही नहीं होने देंगे
- श्रीअन्न बाजरा, ज्वार, कोदों , रागी, सांवा, मड़वा के सेवन से रोगों से बचाव सम्भव: दयालु
- स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है: लीना जौहरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अष्टम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम में आज राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय लखनऊ के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री एवं प्रमुख सचिव, निदेशक आयुर्वेद द्वारा माता सरस्वती जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर आयुष मंत्री द्वारा आयुष ई पत्रिका का डिजिटल विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि वर्तमान समय में गलत जीवन शैली, खानपान एवं फास्ट फूड की वजह से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड की बीमारी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में आयुर्वेद कहता है कि हम व्यक्ति को बीमार ही नहीं होने देंगे, इसलिए ब्रह्म मुहूर्त में उठकर प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। श्री अन्न बाजरा, ज्वार, कोदों , रागी, सांवा, मड़वा इत्यादि का सेवन करने से रोगों से बचा जा सकता है। दुनिया की सारी चिकित्सा जहां हार जाती है वहां आयुर्वेद में आशा की किरण दिखाई देती है।आयुष मंत्री ने आयुर्वेद कालेज के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली का निरीक्षण किया। कालेज में इस अवसर पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर उन्होंने सेल्फी ली। इसके पश्चात उन्होंने प्रथम तल पर स्थित मालवीय कक्ष में छात्रों द्वारा आयुष व्यंजन प्रतियोगिता का निरीक्षण एवं रसास्वादन किया। उन्होंने आयुष व्यंजन के प्रथम स्थान के विजेता डॉ काजल ,डॉ रुखसार खान द्वितीय स्थान डॉ मोनिका, डा आयुषी तृतीय स्थान डॉ राधिका ,डॉ भारती को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है इसलिए स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हमारा स्वास्थ्य अच्छा है तभी हमारा मन, मस्तिष्क भी बेहतर कार्य कर सकेगा। प्राचीनकाल से आज तक हम यही सुनते आये हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और इसके लिए हमें नियमित योगा के साथ-साथ घरेलू रूप में उपलब्ध भोज्य पदार्थों का जैसे-तुलसी, करी पत्ता, नीम, आंवला इत्यादि का भरपूर सेवन करना चाहिए।निदेशक आयुर्वेद डॉ पीसी सक्सेना ने कहा कि आज आयुष विभाग वर्तमान सरकार की कार्यशैली से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है उन्होंने आयुष विद्या के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी सेवाओं के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की।

प्रोफेसर माखनलाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि वर्ष 2016 के पूर्व प्रतिवर्ष धन्वंतरि जयंती मनाई जाती थी। 2016 से प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा से राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में धन्वंतरि जयंती मनाई जाने लगी। इस बार की थीम हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद है। धन्वंतरि जयंती के दिन स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरि की आराधना कर अच्छे स्वास्थ्य की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि ऋग्वेद के श्री सूक्त में कहा है कि अग्नि, प्राण ,वायु ,सूर्य यही धन है। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रमों की शुरुआत 1 नवंबर से प्रारंभ हुई संस्थान में पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता ,क्विज प्रतियोगिता आयुष रेसिपी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, जन जागरूकता कैंप, निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर तथा जन जागरूकता हेतु बाइक रैली आयोजित की गई।

### विधानसभा अध्यक्ष ने दी धनतेरस की बधाई और शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने धनतेरस के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।श्री महाना ने अपने संदेश में कहा है कि आयुर्वेद के देवता धन्वंतरि जी एवं यह पर्व सभी के जीवन में सुख-शांति एवं धन-धान्य की अभिवृद्धि का कारक बने। प्रेम, सद्भावना और समरसता के धन से सभी का हृदय पूरित करे, साथ ही समस्त जनमानस को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

### मिर्जापुर में तैनात डीपीआरओ का आकस्मिक निधन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मिर्जापुर में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी कुरेन्द्र पाल की हृदय गति रूक जाने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। हरदोई के मूल निवासी 45 वर्षीय कुरेन्द्र पाल के निधन पर निदेशक पंचायतीराज राज कुमार द्वारा शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा में दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई।

**राम नगरी में भव्य और सनातन धर्म की तमाम जानकारियां एक जगह सजोने के लिए मंदिर संग्रहालय के निर्माण की कवायद तेज हो गई है**

# मंदिरों की विशेषताएं और महत्व को बताएगा अयोध्या का मंदिर संग्रहालय

- इस संग्रहालय के आकार लेते ही देश के सभी प्राचीन बड़े मंदिरों के दर्शन भी अयोध्या में हो सकेंगे
- मंदिर संग्रहालय श्रद्धालुओं के साथ ही शुद्ध करने वाले छात्रों, पुरातत्वविदों समेत इतिहासकारों में भी उत्साह जगाया है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** राम नगरी अयोध्या में भव्य और सनातन धर्म की तमाम जानकारियां एक जगह सजोने के लिए मंदिर संग्रहालय के निर्माण को लेकर कवायद तेज हो गई है। इस संग्रहालय के आकार लेते ही देश के सभी प्राचीन बड़े मंदिरों के दर्शन भी अयोध्या में हो सकेंगे। अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण कार्य तेज गती से किया जा रहा है। जल्द ही भगवान राम मूल गर्भ गृह में विराजमान हो जाएंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरु हो गई हैं. 22 जनवरी को 50 साल बाद भगवान श्रीराम अपने नव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश ही नहीं दुनियाभर में फैले करोड़ों सनातनियों की आस्था भगवान श्रीराम के मंदिर से जुड़ी है। इस बीच मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिए प्रक्रिया में आई तेजी ने श्रद्धालुओं के साथ ही शुद्ध करने वाले छात्रों, पुरातत्वविदों समेत इतिहासकारों में भी उत्साह जगाया है।

### जाने माने वास्तुकार वृंदा सुमाया कर रहे देखरेख

अयोध्या में सरयू किनारे तकरीबन 50 एकड़ में बनने वाले मंदिर संग्रहालय के लिए जमीन की तलाश तेज हो गई है। मंदिर संग्रहालय का निर्माण देश की मशहूर वास्तुकार वृंदा सुमाया की देखरेख में होगा। हाल ही में सुमाया और उनकी टीम ने सरयू तट पर जमथरा में चिह्नित तीन स्थलों और रामपुर हलवारा में चिह्नित एक स्थल का जायजा लिया। इन चिह्नित स्थलों में से एक स्थल का चयन मंदिर संग्रहालय के निर्माण के लिए किया जाएगा।



### प्राचीन भारत की तकनीक के साथ ही पूजा-पद्धति और उनके महत्व को सामने लाया जाएगा

विशिष्ट मंदिर संग्रहालय का निर्माण करने के पीछे योगी सरकार की मंशा है कि इनके जरिए सनातन संस्कृति के महत्व से दुनिया खासकर युवाओं को परिचित कराया जाए। इसमें प्राचीन भारत की तकनीक के साथ ही पूजा-पद्धति और उनके महत्व को सामने लाया जाएगा। मंदिरों साथ ही विकसित हुए प्राचीन भारतीय शैक्षणिक संस्थान, जिसमें मठ और पीठम शामिल हैं, मंदिरों की उत्कृष्ट वास्तुशैलियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस संग्रहालय के जरिए भारतीय मंदिरों की बेमिसाल स्थापत्य विरासत से दुनिया को परिचित कराया जाएगा।

### मंदिर संग्रहालय 12 दीर्घाओं में होगा

मंदिर संग्रहालय 12 दीर्घाओं में होगा। ये दीर्घाएं अपनी सहज कलात्मकता से आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। ये दीर्घाएं मंदिरों के वैज्ञानिक और दार्शनिक पहलू के साथ ही गर्व और श्रद्धा की भावना भी जगाएंगी। इनमें सनातन धर्म में भगवान की अवधारणा, पूजा पद्धति के पीछे छिपा दर्शन, पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों की जरूरत, मंदिरों की वास्तु और शिल्पकला, मंदिरों के कर्मकांड के पीछे का दर्शन, पूजा-अर्चना से आगे भी मंदिरों की सामाजिक उपयोगिता, भारतीय मंदिरों के मूल तत्व, मंदिर निर्माण तकनीक और उच्चकोटि का वैज्ञानिक दृष्टिकोंण, विविध प्रकार के मंदिरों की स्थापत्य कला, भारतीय मंदिर आध्यात्मिक ऊर्जा के केंद्र, भारत भूभाग के विशिष्ट मंदिर और पूरी दुनिया में मौजूद हिन्दू मंदिरों की जानकारी को प्रदर्शित करने वाली दीर्घाओं का निर्माण होगा।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# योगी राज में विधायिका पर भारी है यूपी की कार्यपालिका

**इस पोर्टल पर पिछले दो वर्षो में आम जनता के अलावा योगी के कई मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने भी कार्यपालिका की शिकायत दर्ज कराके अपनी लाचारी सार्वजनिक की है। जिसमें काफी चौंकाने वाली बाते सामने आई है। इन माननीयों की शिकायत से पता चलता है कि प्रदेश में तमाम अफसर आमजन तो दूर मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की बात को भी तवज्जो नहीं देते हैं और उनके सुझाए गए कार्यों को बेहद लेटलतीफी करते हैं। इस बारे में नेता और विधायक कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान शिकायत कर चुके हैं।**

*उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल सख्त शासक हैं। उनकी छवि काफी साथ-सुथरी है। करीब साढ़े छहः साल के शासनकाल में योगी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है। यह एक अच्छी बात है। जनता भी ऐसी ही सरकार चाहती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि योगी को छोड़कर यूपी के अन्य सभी राजनेता बेईमान और भ्रष्टाचारी हैं। सभी दलों में अच्छे-बुरे दोनों किस्म के नेता मौजूद हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का भी यही 'मिजाज' है। यहां भी अन्य दलों की तरह दोनों किस्म के नेता देखने को मिलते हैं। मगर बीजेपी आलाकमान को अपने किसी भी नेता पर भरोसा नहीं है। यहां तक की योगी सरकार के मंत्री भी सरकारी मशीनरी के सामने 'पंख कटे' नजर आते हैं। इसकी वजह है कि बीजेपी में सभी नेताओं को एक ही तराजू में तौला जा रहा हैं। कहने को तो उसके तमाम नेता जनप्रतिनिधि होने का भी रूतबा रखते हैं, लेकिन इन्हें पूरी तरह से दंतविहीन बना दिया गया है। यह न तो कभी अपने क्षेत्र में पुलिस उत्पीड़न के शिकार लोगों के पक्ष में थाने जा सकते हैं, न शासन-प्रशासन में बैठे अधिकारी उनकी सुनते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी मशीनरी को आदेश दे रखा है कि यदि कोई बीजेपी नेता उनके पास किसी की सिफारिश लेकर आये तो उसकी बात सुनने की आवश्यता नहीं है, बल्कि अधिकारी अपने विवेक से सही गलत का फैसला लें। यह सब बातें किसी फाइल में तो नहीं कोड की गई हैं, परंतु राजनीति के गलियारों में यह चर्चा आम है कि जिस तरह से समाजवादी पार्टी की सरकार के समय उसके (सपा) सांसद/मंत्री/विधायक आदि जनप्रतिनिधि पुलिस और सरकारी मशीनरी पर दबाव बना लेते थे, वैसा दबाव बीजेपी के जनप्रतिनिधि नहीं बना पाते हैं। होता यह है कि जब भी बीजेपी का कोई नेता किसी सरकारी अधिकारी या पुलिस के पास पहुंचता है तो उसे सीएम योगी का फरमान याद दिला दिया जाता है। या यों कहें उन्हें अपमानित करके वापस भेज दिया जाता है। हालात यह है कि यूपी सरकार के अधिकारी बीजेपी के किसी भी जनप्रतिनिधि को भाव नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भी ऐसे नेताओं से मिलने का टाइम नहीं रहता है। इसको लेकर योगी के पिछले शासन में बीजेपी के जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा के अंदर प्रदर्शन भी किया था, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ की अपने ही जनप्रतिनिधियों से दूरी हमेशा चर्चा में रहती है। यहां तक की दिल्ली भी इस मामले में कुछ नहीं कर पा रहा है, क्योंकि आज की तारीख में पार्टी के अंदर योगी का कद काफी बढ़ा हुआ है, इसलिए उन्हें कहीं से चुनौती भी नहीं मिलती है। इसी के चलते पीड़ितों व आम लोगों से पुलिसकर्मियों के दुर्व्यवहार के मामले तो आए दिन सामने आते रहते हैं। पुलिस अधिकारियों व कर्मियों द्वारा माननीयों से भी अच्छा व्यवहार न किए जाने की शिकायतें बढ़ रही हैं। कहने को तो सीएम योगी आदित्यनाथ अक्सर कहते मिल जाते हैं कि जनप्रतिनिधियों का पूरा सम्मान किया जाये। इस बार भी योगी द्वारा माननीयों के प्रति शिष्टाचार व अनुमन्य प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसका असर होते नहीं दिख रहा है। उत्तर प्रदेश में अफसरशाही के चलते केवल आम आदमी ही नहीं मंत्री सांसद और विधायक भी परेशान हैं। यह लोकसेवक लम्बे समय से कार्यपालिका के चलते होने वाली अपनी परेशानी शिकायतों के रूप में सामने रखते रहते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**दीपोत्सव पर मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों का बड़ा बाजार भी तैयार हो जाता है। दिल्ली के बाजार में ही इतना मावा या खोवा आ जाता है, जितना देश भर में उत्पादित दूध नहीं बना सकते! इसी कारण से बहुत सारे लोग मिलावट के चलते आजकल दिवाली पर मिठाई की जगह चॉकलेट्स, ड्राई फ्रूट या फिर नमकीन और कुकीज के गिफ्ट हैंपर देने लगे हैं। लेकिन, पूजा के लिए तो मिठाई लानी ही पड़ती है। ऐसे में मिठाई खरीदने से पहले ही आप भी नकली मिठाई की पहचान कर सकते हैं। मिठाई बनाते समय इसके इस्तेमाल में होने वाले दूध, मावा, चीनी या तेल तक में भरपूर मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमिनियम प्रचुर मात्र में मिला दिया जाता है।**

# दीवाली मनायें पर मिलावटी मिठाइयों बिना



आर.के. सिन्हा

**खीर और हलवा सबसे सामान्य मिठाइयां हैं जो प्राय: सभी के घरों में बनती हैं। इसके अतिरिक्त लड्डू, पेड़े, बर्फी और गुजिया भी घरों मे बनती हैढ्ढ पर ज्यादातर मिठाइयां बाज़ार से ही खरीदी जाती हैं। भारत की संस्कृति के ही अनुसार यहां हर प्रदेश की मिठाई में भी विभिन्नता है। उदाहरण के लिए बंगाली मिठाइयों में छेने या पनीर की प्रमुखता है।**

दीपावली और स्वादिष्ट मिठाइयों का चोली-दामन का साथ है। मिठाई के बिना दीपोत्सव का आनंद अधूरा ही माना जा सकता है। जो इंसान मिठाई नहीं पसंद करता या फिर डाक्टरी सलाह पर इसका सेवन नहीं करता, वह भी दिवाली पर तो कम से कम एक -दो डिब्बे मिठाई के खरीद ही लेता है। इसकी वजह यह है कि लक्ष्मी पूजन के वक्त मिठाई का प्रसाद लक्ष्मी-गणेश को अर्पित करके वितरित किया जाना है। पर यह भी मानना होगा कि दिवाली पर जिस मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बाजार में मिलने लगी है, उसके चलते मिठाई का आनंद लेने से पहले हर इंसान कई बार सोचने लगा है। सच में इस कारण से घनघोर मिठाई प्रेमी भी अब मिठाई खाने से कतराने लगे हैं। वर्ना एक दौर था जब दिवाली से पहले हिंदू परिवारों में मिठाइयों पर विस्तृत चर्चा होती थी। पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री ने लोगों को मिठाई से दूर सा कर दिया है। युवा पीढ़ी तो अब वैसे भी मिठाई को लेकर कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाती है। इस स्थिति के लिए उन हलवाइयों को ही दोषी मानना ही होगा जो चंद सिक्कों की खातिर मिठाइयों को बनाते हुए भरपूर मिलावट करते हैं। मिलावटी मिठाइयां तो किसी की भी सेहत को खराब करने की गारंटी देती हैं। आप दीपावली से पहले इस तरह की खबरें जरूर ही पढ़ रहे होंगे कि मिठाई की दुकानों पर छापा मारा गया और वहां से मिलावटी मिठाई मिली। मिलावटी मिठाई बेचने वाले हलवाइयों पर क्या कार्रवाई हुई, यह तो बाद की बात है पर इन खबरों को पढ़कर मिठाई खाने वाले दूर भागने लगते हैं। मुझे याद है कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहरी वाजपेयी के घर में अतिथियों को दिल्ली की मशहूर दुकानों की मिठाइयां पेश की जाती थीं। वे खुद भी मिठाई प्रेमी थे। इंदिरा गांधी जी भी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। अगर ये नेता अब होते तो इन्होंने भी अपने मित्रों और मिलने वालों का मुंह मीठा करवाना बंद कर दिया होता। मैं भी अब अपने मेहमानों को घर में बने खजूर गुड़ के लड्डू पेश करता हूँ। अपनी गौशाला की देसी गायों का शुद्ध बिलोया हुआ घी तो है ही। चने के बेसन के अलावे बाजरा, कंगनी, कुटकी और सांवा के आटे के लड्डू भी अद्भुत स्वादिष्ट होते हैं। बेशक पर्वों व खास अनुष्ठानों में मिठाई का बहुत महत्व होता है। दैनिक जीवन में मिठाई का किसे नहीं पता कि दिवाली पर हमारे यहां मिलावट का



**दिवाली पर अधिकतर देशवासियों को शुद्ध मिठाइयां नहीं मिल पाती है। यह एक घोर निराशा की स्थिति है। सरकार को मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेना चाहिए। उनकी लापरवाही से अच्छा भला सेहतमंद व्यक्ति मिलावटखोरों की चंगुल में फंसकर स्थायी रूप से बीमार होता जा रहा है।**

बाजार खूब फलता फूलता है। बाजारों में आपको खाने पीने की चीजों में सबसे ज्यादा मिलावट मिलेगी। दीपोत्सव पर मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों का बड़ा बाजार भी तैयार हो जाता है। दिल्ली के बाजार में ही इतना मावा या खोवा आ जाता है, जितना देश भर में उत्पादित दूध नहीं बना सकते! इसी कारण से बहुत सारे लोग मिलावट के चलते आजकल दिवाली पर मिठाई की जगह चॉकलेट्स, ड्राई फ्रूट या फिर नमकीन और कुकीज के गिफ्ट हैंपर देने लगे हैं। लेकिन, पूजा के लिए तो मिठाई लानी ही पड़ती है। ऐसे में मिठाई खरीदने से पहले ही आप भी नकली मिठाई की पहचान कर सकते हैं। मिठाई बनाते समय इसके इस्तेमाल में होने वाले दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल तक में भरपूर मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमिनियम प्रचुर मात्र में मिला दिया जाता है। दूध में यूरिया, रंग, वांशिग पाउडर छूटकर मिला देते हैं। घी में जानवरों की चर्बी मिला दी जाती है। मावा भी पूर्णत- मिलावटी होता है। मावा में सबसे ज्यादा मिलावट की जाती है। इसकी पहचान करने के लिए फिल्टर पर आयोडीन की दो ड्रॉप डालें। अगर रंग काला हो जाए तो माल लें कि इसमें मिलावट है। अगर खोया बहुत दानेदार है तो समझो इसमें भी किसी तरह की मिलावट की गई है। शुद्ध खोया एकदम चिकना होता है। इसी तरह से मिठाई में कलर की भी खूब मिलावट भी बेशर्मी से की जाती है। इसलिए रंग बिरंगी मिठाई खाने-खरीदने से बचें। जान लें कि कलर वाली मिठाई को हाथ में लेकर चेक करें। अगर हाथ में रंग नहीं लग रहा तो रंग की मिलावट नहीं है। आपके लिए एक ये भी सलाह है कि मिठाई खरीदने से पहले चख लें। इस दौरान आपके बहुत सारे आपके शुभचिंतक आपको सही ही कहने लगते हैं कि आप मिठाइयों का सेवन कम या न करें। मतलब दीपावली पर भी मिष्ठान न खाएं। मिष्ठान हर भारतीयों की कमजोरी है। ये इस तरह की कमजोरी है जिससे किसी को हानि नहीं होती, यदि शुद्धत्ता बरती जाये। कहीं न कहीं कमी तो सरकारी महकमों की भी है जो मिलावट खोरों पर पूरी तरह शिकंजा नहीं कस पाते। एक बार जब मैंने इस विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी से पूछा तो उन्होंने इसका कारण फूड इंस्पेक्टरों की कमी बताया। यदि कमी है पूरी करो । निर्दोष जनता को क्यों मारते हो? भारतीय मिष्ठान शक्कर, अन्न,दूध और घी के अलग-अलग प्रकार से पकाने और मिलाने से बनती हैं। खीर और हलवा सबसे सामान्य मिठाइयां हैं जो प्राय: सभी के घरों में बनती हैं। इसके अतिरिक्त लड्डू, पेड़े, बर्फी और गुजिया भी घरों मे बनती हैढ्ढ पर ज्यादातर मिठाइयां बाज़ार से ही खरीदी जाती हैं। भारत की संस्कृति के ही अनुसार यहां हर प्रदेश की मिठाई में भी विभिन्नता है। उदाहरण के लिए बंगाली मिठाइयों में छेने या पनीर की प्रमुखता है तो पंजाबी मिठाइयों में खोये की। उत्तर भारत की मिठाइयों में दूध की प्रमुखता है तो दक्षिण भारत की मिठाइयों में अन्न और नारियल की। यकीन मानिए कि कभी-कभी मन उदास सा हो जाता है कि दिवाली पर अधिकतर देशवासियों को शुद्ध मिठाइयां नहीं मिल पाती है। यह एक घोर निराशा की स्थिति है। सरकार को मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लेना चाहिए। उनकी लापरवाही से अच्छा भला सेहतमंद व्यक्ति मिलावटखोरों की चंगुल में फंसकर स्थायी रूप से बीमार होता जा रहा है। उन सरकारी अफसरों पर भी करवाई होनी चाहिए जो मिलावटखोरों पर एक्शन नहीं ले पाते। कई तो मिलावटखोरों की घूस खाकर मोटे होते जा रहे हैं। आखिर देश की संसद मिलावटखोरों को मौत या उम्र कैद की सजा देने के बिन्दु पर क्यों नहीं विचार करता ?

### एक्सप्रेस कविता

*मानवीय संवेदनाओं को जिंदा रखिए,*
*रिश्तो की भावनाओं को जिंदा रखिए।*
*संबंधों की नर्म ऊष्मा जिंदा रखिए,*
*अहसासों के दर्द को जिंदा रखिए,*
*चुप्पी दफ़्न करती कोमल रिश्तों को,*
*लफ्जों की आकांक्षाओं को जिंदा रखिए।*
*घरों में बटवारे की खिची हैं तलवारे,*
*दिल के कोने में मोहब्बतों को जिंदा रखिये,*
*लालच ने लगाई सगे रिश्तों में सेंध,*
*बाल मन की शरारतों को जिंदा रखिए,*
*दुष्कर हो आशाओं का सफर जिंदगी में,*
*साथ अनंत मां की दुआओं को रखिए.*
*गुरुर की भला क्या कीमत है जिंदगी में मित्रों,*
*दिलों में मासूम बच्चों को जिंदा रखिए।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*गुणवत्ता की कसौटी बनें, अधिकतर लोग उस माहौल के अभ्यस्त नहीं होते जहां उत्कृष्टता जरूरी होती है।*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वादशी 12:33 तक |
| नक्षत्र: | हस्त 23:59 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | विष्कंभ, 17:01 |
| सूर्योदय: | 06:42 |
| सूर्यास्त: | 17:25 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 10:44-12:04 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:42-12:25 |

## जन एक्सप्रेस

### खेल रहे हैं सारे !

*है बढ़ानी सीटें ।*
*चल रहा है काम ।।*
*करने को कमाल अब ।*
*कोशिशें तमाम ।।*
*खेल रहे हैं सारे ।*
*अपना अपना खेल ।।*
*थोड़ा थोड़ा अपनो पर ।*
*कस रहे नकेल ।।*
*हो रहा व्यवहार ऐसा ।*
*जैसे चमत्कार ।।*
*बंद है तकरार अभी ।*
*करने को उपकार ।।*
*मच रही है धूम अब ।*
*लाने को बहार ।।*
*है इच्छा कुछ ऐसी ।*
*ना फिसले आधार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दूध से बनी चाय के बजाए पिएं हर्बल टी, मिलेंगे 5 जबरदस्त फायदे




**चाय** पीना अधिकतर सभी लोगों को पसंद होता है। बहुत से लोग अपनी दिन की शुरुआत चाय से करते हैं और दिनभर में भी 1 से 2 कप चाय पी लेते हैं। अक्सर लोग दूध से बनी चाय ही पीते हैं। जिसको पीने के बाद कई बार पेट भारी होने के साथ गैस, अपच और वजन बढ़ने की भी समस्या होने लगती हैं। लेकिन चाय की आदत के कारण वह चाय को कम नहीं कर पाते हैं। अगर आप भी दूध की चाय से परेशान हैं, तो इसको छोड़कर हर्बल चाय का सेवन करें। हर्बल चाय के सेवन से पाचन-तंत्र हेल्दी रहने के साथ वजन घटाने में मदद मिलेगी। हर्बल चाय को फूलों, मसालों और हर्ब्स आदि के इस्तेमाल से बनाया जाता है। यह चाय स्वादिष्ट होने के साथ शरीर की कई समस्याओं को आसानी से दूर करती हैं। हर्बल चाय के सेवन से अनिद्रा की समस्या दूर होने के साथ इम्यूनिटी भी मजबूत बनती हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार:** हर्बल टी अधिकांश समय मसाले, हर्ब या फूलों से बनाई जाती हैं। ऐसे में इन चीजों में विटामिन सी की मात्रा अधिक पाई जाती है, जो इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ शरीर को बीमारियों से बचाता हैं। हर्बल चाय के सेवन से सर्दी-जुकाम और खांसी में भी राहत मिलती है।

**अनिद्रा में फायदेमंद:** अगर आप भी नींद न आने की समस्या से परेशान रहते हैं, तो दिन में एक कप हर्बल टी का सेवन अवश्य करें। हर्बल टी के सेवन से तनाव कम होने के साथ नींद न आने की समस्या दूर होती है। हर्बल टी में पाए जाने वाले गुण गहरी नींद लाने में मददगार होते हैं।

**पाचन-तंत्र के लिए फायदेमंद:** अक्सर लोगों को दूध की चाय पीने के बाद पेट में गैस, अपच और बदहजमी की शिकायत रहती है। ऐसे में हर्बल चाय के सेवन से यह सब समस्याओं से राहत मिलती है। हर्बल चाय में एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो खाने को पचाने से लेकर अपच और बदहजमी से राहत देते हैं।

**वजन घटाने में मददगार:** अगर आप भी लंबे समय से वजन घटाने के बारे में सोच रहे हैं, तो डाइट में हर्बल चाय को शामिल करें। हर्बल चाय के सेवन से मेटबॉलिज्म बढ़ता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। हर्बल चाय बनाने के लिए सौंफ, काली मिर्च और लौंग आदि का इस्तेमाल किया जाता है, जो वजन घटाने में मददगार होती है।

**दर्द में फायदेमंद:** हर्बल टी के सेवन से शरीर के दर्द से भी छुटाकार मिलता है। इन चाय में इस्तेमाल किए जाने वाले मसालों में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर के दर्द को दूर करने के साथ शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। हर्बल चाय के लिए गुडहल, अदरक, पेपरमिंट, केमोमाइल, लेमन ग्रास और रोजहिप चाय बनाई जा सकती हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो डॉक्टर से पूछकर ही इस चाय का सेवन करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# देवताओं को अमृतपान कराकर अमर किया था धन्वंतरि ने




योगेश कुमार गोयल

**ऐसी मान्यता है कि उसके बाद से ही इस दिन धन्वंतरि ऋषि और यमराज का पूजन किए जाने की प्रथा आरंभ हुई। धनतेरस के दिन घर के टूटे-फूटे बर्तनों के बदले तांबे, पीतल अथवा चांदी के नए बर्तन तथा आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है।**

**दीवाली** से दो दिन पूर्व 'धनतेरस' नामक त्यौहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 10 नवम्बर को मनाया जा रहा है। धनतेरस के प्रचलन का इतिहास बहुत पुराना माना जाता है। यह त्यौहार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है तथा इस दिन आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरि एवं धन व समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। धन्वंतरि को आयुर्वेद का देवता और देवताओं का चिकित्सक माना गया है, इसलिए धनतेरस को चिकित्सकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय इसी दिन धन्वंतरि आयुर्वेद और अमृत लेकर प्रकट हुए थे। धनतेरस मनाए जाने के संबंध में जो प्रचलित कथा है, उसके अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं और असुरों द्वारा मिलकर किए जा रहे समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकले नवरत्नों में से एक धन्वंतरि ऋषि भी थे, जो जनकल्याण की भावना से अमृत कलश सहित अवतरित हुए थे। धन्वंतरि ऋषि ने समुद्र से निकलकर देवताओं को अमृतपान कराया और उन्हें अमर कर दिया। यही वजह है कि धन्वंतरि को 'आरोग्य का देवता' माना जाता है और आरोग्य तथा दीर्घायु प्राप्त करने के लिए ही लोग इस दिन उनकी पूजा करते हैं। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज के पूजन का

**धनतेरस मनाए जाने के संबंध में जो प्रचलित कथा है, उसके अनुसार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं और असुरों द्वारा मिलकर किए जा रहे समुद्र मंथन के दौरान समुद्र से निकले नवरत्नों में से एक धन्वंतरि ऋषि भी थे, जो जनकल्याण की भावना से अमृत कलश सहित अवतरित हुए थे। धन्वंतरि ऋषि ने समुद्र से निकलकर देवताओं को अमृतपान कराया और उन्हें अमर कर दिया।**



भी विधान है और उनके लिए भी एक दीपक जलाया जाता है, जो 'यम दीपक' कहलाता है। धार्मिक ग्रथों में यमराज के पूजन के संबंध में एक कथा प्रचलित है। एक बार यमराज ने अपने दूतों से प्रश्न किया कि क्या प्राणियों के प्राण हरते समय तुम्हें कभी किसी प्राणी पर दया भी आई? यह प्रश्न सुनकर सभी यमदूतों ने कहा, ''महाराज, हम सब तो आपके सेवक हैं और आपकी आज्ञा का पालन करना ही हमारा धर्म है। अतः दया और मोह-माया से हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।'' यमराज ने उनसे जब निर्भय होकर सच-सच बताने को कहा, तब यमदूतों ने बताया कि उनके साथ एक बार वास्तव में ऐसी एक घटना घट चुकी है। यमराज ने विस्तार से उस घटना के बारे में बताने को कहा तो यमदूतों ने बताया कि एक दिन हंस नाम का एक राजा शिकार के लिए निकला और घने जंगलों में अपने साथियों से बिछुड़कर दूसरे राज्य की सीमा में पहुंच गया। उस राज्य के राजा हेमा ने राजा हंस का राजकीय सत्कार किया और उसी दिन हेमा की पत्नी ने एक अति सुन्दर पुत्र को जन्म दिया लेकिन ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि विवाह के मात्र चार दिन बाद ही इस बालक की मृत्यु हो जाएगी। यह दुःखद रहस्य जानकर हेमा ने अपने नवजात पुत्र को यमुना के तट पर एक गुफा में भिजवा दिया और वहीं पर उसके लालन-पालन की शाही व्यवस्था कर दी गई और बालक पर किसी युवती की छाया भी नहीं पड़ने दी लेकिन विधि का विधान तो अडिग था। एक दिन राजा हंस की पुत्री घूमते-घूमते यमुना तट पर निकल आई और राजकुमार की उस पर नजर पड़ गई। उसे देखते ही राजकुमार उस पर मोहित हो गया। राजकुमारी की भी यही दशा थी। अतः दोनों ने उसी समय गंधर्व विवाह कर लिया लेकिन विधि के विधान के अनुसार 4 दिन बाद राजकुमार की मृत्यु हो गई। यमदूतों ने यमराज को बताया कि उन्होंने ऐसी सुन्दर जोड़ी अपने जीवन में इससे पहले कभी नहीं देखी थी। वे दोनों कामदेव और रति के समान सुन्दर थे। इसीलिए राजकुमार के प्राण हरने के बाद नवविवाहिता राजकुमारी का करूण विलाप सुनकर उनका कलेजा कांप उठा। घटना का पूर्ण वृतांत सुनने के बाद यमराज ने यमदूतों से कहा कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि ऋषि का पूजन करने तथा यमराज के लिए दीप दान करने से इस प्रकार की अकाल मृत्यु से बचा जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि उसके बाद से ही इस दिन धन्वंतरि ऋषि और यमराज का पूजन किए जाने की प्रथा आरंभ हुई। धनतेरस के दिन घर के टूटे-फूटे बर्तनों के बदले तांबे, पीतल अथवा चांदी के नए बर्तन तथा आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। कुछ लोग नई झाड़ू खरीदकर उसका पूजन करना भी इस दिन शुभ मानते हैं।

# सीएमओ ने पंचायत सहायकों को भेजा प्रशंसा पत्र, आयुष्मान में योगदान को सराहा

- जनपद भर में पंचायत सहायक बना रहे आयुष्मान कार्ड
- पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वाले लोगों को भी मिल रहा लाभ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



“ जनपद में पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड मुहैया कराने का अभियान तेजी से चल रहा है। सभी आयुष्मान मित्र, पंचायत सहायक, सीएचओ व आशा कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग के साथ आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए तत्पर हैं। आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए केंद्र व राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही हैं। सस्ता व सुलभ इलाज मुहैया कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। जनपद में आयुष्मान योजना से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।
– डॉ. आलोक कुमार, सीएमओ

पूरनपुर। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब व वंचित वर्ग के लोगों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ देने के लिए आयुष्मान कार्ड मुहैया कराए जा रहे हैं। योजना के विस्तार के साथ ही अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए तेजी से कार्ड बनाए जा रहे हैं। योजना में लाभार्थियों के कार्ड बनाने में पंचायत सहायक अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके सहयोग से प्रतिदिन करीब 3500 कार्ड बन रहे हैं जिससे लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। दीपावली पर्व पर सीएमओ डा. आलोक कुमार ने पंचायत सहायकों के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई पत्र भेजे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद के सभी 716 पंचायत सहायकों को संदेश भेजकर उनकी हौसलाफजाई करने की पहल की गई है। सीएमओ द्वारा भेजे पत्र में कहा गया कि आप सभी को अवगत है कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत जिसमें भारत के आर्थिक रूप से कमजोर जनमानस को निःशुल्क एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस क्रम में आप सभी की मेहनत, सहयोग, कार्यकुशलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण जनपद में 998,041 कार्ड बनाए जाने के सापेक्ष अब तक 580,294 लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं। अब तक 93 हजार लाभार्थी इस कार्ड से निःशुल्क चिकित्सा का लाभ प्राप्त कर चुके हैं, जो आप सभी के द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के कारण ही संभव हो पाया है। सीएमओ ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने के लिए सभी पंचायत सहायकों का हृदय से आभार ज्ञापित किया है। साथ ही जनमानस के कल्याण हेतु इस महत्वाकांक्षी योजना में सभी के सक्रिय सहयोग की अभिलाषा के साथ दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# छह साल बाद पूरनपुर स्टेशन पर पंहुची ट्रेन, व्यापारियों ने जताई खुशी

- बैंड बाजा के साथ व्यापारियों ने जताई खुशी
- क्षेत्रीय जनता के लिए आसान हुआ लखनऊ का सफर

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा



पूरनपुर। छः वर्ष के लंबे इंतजार के बाद गुरुवार ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो स्वागत के लिए खड़े सैकड़ो नगर वासी उत्साहित हो गए। ट्रेन का संचालन होने से क्षेत्र की जनता के साथ नगरवासी व व्यापारियों में खुशी का माहौल है। वर्ष 2018 में मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तित करने के लिए ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था।शाहगढ़ तक ब्रॉड गेज का कार्य पूर्ण होने के बाद गुरुवार ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया। ट्रेन को फूल मालाओं से दुल्हन की तरह सजाया गया।मैलानी रेलवे जंक्शन पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने 12ः35 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शाहगढ़ रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। कुरैया हल्ट पर पहुंचे सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत के बाद ट्रेन में सफर किया। ट्रेनों का संचालन शुरू होने पर नगर के व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने ढोल नगाड़ों के साथ रेलवे स्टेशन तक पहुंच कर खुशी जताई। ट्रेन के पहुंचने से पहले ही उत्साहित सैकड़ो नगर वासी स्टेशन पर पहुंच गए। स्टेशन पर लगभग दो सौ से ढाई सौ टिकट की बिक्री हुई। स्वागत के बाद ट्रेन शाहगढ के लिए रवाना हो गई। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार समेत रेलवे के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। पूरनपुर प्रतिनिधि के अनुसार ट्रेन के पूरनपुर पहुंचने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी आदि मौजूद रहे।

### उदयपुर हॉल्ट का बंद रहा टिकट घर

ट्रेन संचालन से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का दावा किया गया था। ट्रेन संचालन की जानकारी के बाद सैकड़ो यात्री भी हॉल्ट पर पहुंच गए। टिकट खिड़की बंद होने से यात्रियों को टिकट नहीं मिल सका।सैकड़ो यात्रियों ने बगैर टिकट के ही ट्रेन में यात्रा की।

### फरवरी तक पूरा हो जाएगा ब्रॉड गेज का काम

वन विभाग से एनओसी न मिलने के कारण शाहगढ से पीलीभीत तक ब्रॉड गेज का काम रुक गया था।एनओसी मिलने के बाद तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। विभागीय अफसरों का कहना है कि फरवरी माह तक मैलानी से पीलीभीत तक का ट्रैक पूर्ण कर ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

# नेपाल सीमावर्ती गांव में समूह की सदस्य को चुना गया कोटेदार



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

हजारा(पूरनपुर)। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में कोटा के चयन के लिए काफी दिनों से मामला उलझा हुआ था। गुरुवार गांव की खुली बैठक के दौरान समूह की सदस्य को नियमानुसार कोटेदार के रूप में निर्विरोध चुन लिया गया है। नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में काफी समय से सस्ते गल्ले की दुकान कोटा निरस्त चल रहा था पिछले दिनों दो बार कोटा चयन के संबंध में खुली बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें ग्रामीणों की आम सहमति नहीं बन पाई और हंगामा हो गया था।इधर गुरुवार को पीलीभीत के उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर पीलीभीत जिला उद्यान अधिकारी/नोडल अधिकारी आरडी गंगवार के नेतृत्व में गांव में खुली बैठक का आयोजन किया गया नियमानुसार महिला सहायता समूह की महिला का चयन कोटेदार के पद पर होना था चैन की कार्रवाई शुरू करते हुए सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज की ज्योति प्रेरणा महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य कमलजीत कौर पत्नी भजन सिंह को निर्विरोध गांव का नए कोटेदार के रूप में चयन किया गया है।इस दौरान ग्राम प्रधान परमजीत कौर ग्राम विकास अधिकारी प्रेम शंकर हजारा थाना अध्यक्ष परमेंद्र कुमार प्रधान परमजीत कौर के पति सतनाम सिंह सहित समूह की महिलाएं व ग्राम पंचायत सदस्य गण सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे: राज्यपाल

- भविष्य की चुनौतियों से निबटने के लिए जल सुरक्षा जरूरी: डॉ. राजेंद्र सिंह
- कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को गिनाया
- विश्वविद्यालय के ब्रांड अंबेसडर होते हैं छात्र: रजनी तिवारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति, श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर मेधावियों को 81 स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालयों में शिक्षा की सुचिता पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक नियमित क्लास लें। विश्वविद्यालयों में जब प्रवेश, परीक्षा और परीक्षाफल की तिथि निर्धारित हो जाएगी तो शिक्षा व्यवस्था अपने आप सुधर जाएगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 73 फीसदी लड़कियां और 27 फीसदी लड़के गोल्ड मेडल पाएं हैं। इससे साबित होता है कि महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। मैंने उत्तर प्रदेश में नौ विश्वविद्यालयों की कुलपति महिलाओं को बनाया। उन्होंने कहा कि शोध के क्षेत्र में हमे विशेष जोर देने की जरूरत है। पेटेंट न होने के कारण विश्व के अन्य देश हमसे आगे हो जा रहे हैं। उन्होंने जर्मनी को उदाहरण देते हुए कहा कि वहां गर्भवती माताओं को शिक्षा दी जाती है ताकि उसका बच्चा पैदा होने के बाद शिक्षित और संस्कारित बने। इस काम का प्रमाण हमारे यहां महाभारत काल का अभिमन्यु है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के डिग्रियों को डिजिलॉकर में रखने का एकमात्र उद्देश्य यह है कि उसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो पाए और साथ में ही वह इसके माध्यम से अपनी डिग्री को देश में कहीं से भी देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों को तकनीकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों का भी उपयोग करना चाहिए जिससे कि विश्वविद्यालय के विकास में उनकी भी सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए विश्वविद्यालयों को आंगनबाड़ी केंद्रों तक भेजा गया।

### गतिमान पत्रिका का हुआ लोकार्पण

विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में गतिमान वार्षिक पत्रिका का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियां स्वर्ण पदक धारकों की सूची, अतिथियों का परिचय समेत विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों को बड़े आकर्षण ढंग से प्रकाशित किया गया है। विमोचन अवसर पर कुलपति, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि, प्रधान संपादक डॉ. मनोज मिश्र, संपादक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सम्पादन मण्डल में प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल और डॉ लक्ष्मी मौर्य रहें।

### जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु हुआ एमओयू

पीपल्स वर्ल्ड कमीशन ऑन ड्राउट एंड फ्लड, स्वीडन एवं तरुण भारत संघ, राजस्थान के चेयरमैन जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

### बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कक्षा 5 से 8 में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग, फल, जमेटरी बाक्स, महापुरुषों पर प्रकाशित पुस्तकें आदि प्रदान किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए कुकड़ीपुर. देवकली, सुल्तानपुर एवं जासोपुर गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले चार बच्चों को भी दीक्षांत समारोह राज्यपाल के हाथों पुरस्कार मिला।

# सभी सदस्यों को उचित सम्मान के साथ अध्यक्ष और सदस्यों का आपस में सहयोग बना रहे जिससे जिला पंचायत पीलीभीत उन्नति के शिखर पर पहुंचे: संजय गंगवार





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज लगभग 30 करोड़ की 159 परियोजनाओं का शिलान्यास पीलीभीत बैंकट हॉल में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मीले संजय सिंह गंगवार द्वारा किया गया। जिला पंचायत पीलीभीत द्वारा जनपद के जिला पंचायत के समस्त वार्डों में परियोजनाओं का चयन किया गया। जिनके टेंडर आज 159 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री बलदेव औलख ने अपने संबोधन में कहा कि आपसी सहयोग से जिला पंचायत पीलीभीत को मंडल ही नहीं प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें। वही मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार ने कहा सभी सदस्यों को उचित सम्मान के साथ अध्यक्ष और सदस्यों का आपस में सहयोग बना रहे जिससे जिला पंचायत पीलीभीत उन्नति के शिखर पर पहुंचे। वहीं जसपाल सिंह व्यस्त ने जिला पंचायत को नए आयाम देने हेतु आशीर्वचन किया। सभी जिला पंचायत सदस्यों को मंच पर बुलाकर प्रभारी मंत्री द्वारा माल्यार्पण एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। रिलायंस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अध्यक्ष जिला पंचायत पीलीभीत डॉक्टर दलजीत कौर द्वारा अपने संबोधन में सभी अतिथि गणों, सदस्यों जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार स्टेनो जिला पंचायत द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री बलदेव औलख, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद,जसपाल सिंह, राकेश गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सुरेश गंगवार, अजय सिंह गंगवार, अशोक शर्मा, मनजीत सिंह,राष्ट्रीय लोकदल एवं जिला पंचायत सदस्यों बसंती गाइन, विवेक सिंह, उषा देवी, समसुल खान, नसीमुद्दीन, मीरा देवी, अजय कुमार, सरताज हुसैन, मदनलाल शर्मा, प्रेम सागर, जगदेव,रत्नेश गंगवार,नितिन पाठक, अनीता रानी, परमेश्वरी दयाल, दमयंती गंगवार, रेनू राज आदि सदस्यगढ़ उपस्थित रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कृषि सभागार में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुजानगंज क्षेत्र के कृषि सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जहां पर किसानो को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी करमचंद मौर्य ने किसानों को पराली न जलाने को लेकर जागरुक करते हुए बताया कि (बी कंपोजर)नामक कैप्सूल आता है जो पानी का घोल बनाकर छिड़काव करने पर पराली सडकर खाद का रुप ले लेता है जो खेत में देशी खाद के रूप में कार्य करते हुए उर्वरक शक्ति को बढ़ावा देता है इस लिए कोई भी किसान पराली न जलाएं। पराली जलाते हुए पकड़े जाने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर 105 किसानों को एक किलो सरसों का पैकेट निशुल्क दिया गया जहां पर प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार अधिकारी मनोज कुमार, बी टी ऐम मनोज सिंह, एटीएम सुनील वर्मा ,सहयोगियों में संतलाल, उदय चंद ,राम सिंह, सोमनाथ आदि लोगों की उपस्थिति के साथ कई ग्राम सभाओं के किसान संगोष्ठी में मौजूद रहे।

### ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। विकास खंड सुइथाकला ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के कम्मरपुर स्थित स्टेडियम में हुआ । इस दौरान परिषदीय स्कूलों से न्याय पंचायत स्तर पर विजेता बनने वाली टीमों ने प्रतिभाग किया। ग्राम पंचायत कम्मरपुर प्रधान प्रतिनिधि प्रवीण सिंह फीता काटकर 100मीटर की दौड़ से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्राथमिक से बालिका वर्ग में हमजापुर की सानिया और



बालक वर्ग से जहरुद्दीनपुर के रणंजय भारती तथा जूनियर से बसौली की प्रिया व डेहरी के रिजवान अव्वल रहे । 200मीटर की दौड़ में प्राथमिक से अमावांकला की रिया डेहरी व बूढ़ूपुर के विश्वजीत वहीं 50 मीटर की दौड़ में रामपुर की नाजिया व बांधगांव के शाहनवाज ने अपना वर्चस्व स्थापित किया। एथलीट की सबसे लम्बी 400मीटर की दौड़ में जूनियर से सुइथाकला के शिवम और डेहरी की अंशी मौर्य ने अपना परचम लहराया। प्रतियोगिता की कड़ी में खो-खो,लम्बी कूद, गोला फेंक, बालीबाल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तत्पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य द्वारा विजेताओं को मैडल और प्रमाणपत्र वितरित कर उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला कोच राकेश कुमार यादव व खेल अनुदेशको की देखरेख में किया गया। इस दौरान पंकज कुमार सिंह, अजय मिश्रा, डॉ रणंजय सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह व प्रवीण सिंह प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### खेत में पराली जलाने वाले किसान पर ढाई हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन पनौली गांव में बुधवार को खेत में पराली जलाना एक किसान को भारी पड़ गया। सैटलाइट से मिले लोकेशन के आधार पर खेत तक पहुंचे कृषि विभाग के अधिकारी और लेखपाल ने किसान पर ढाई हजार का अर्थदंड लगाया है। गांव निवासी मुन्नीलाल



धान की फसल का अवशेष बुधवार को खेत में ही जला दिए थे। जिससे उठने वाले धुएं का गुबार सैटलाइट में कैद हो गया। जिसकी लोकेशन के आधार पर गुरुवार को एडीओ एजी विकास सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि शेषनाथ बिंद अपने साथ हल्का लेखपाल को लेकर खेत तक पहुंच गए। नक्से में नाम स्पष्ट होने के बाद किसान मुन्नीलाल को भी बुलाया गया। उन्हें 2500 के अर्थदंड की रसीद थमाते हुए यह राशि तीन कार्य दिवस के भीतर तहसील शाहगंज राजस्व कोष में जमा करने का लिखित निर्देश दिया गया।

### फूड इंस्पेक्टर ने मिष्ठान की दुकानों से भरे नमूने

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। आगामी दीपावली पर्व को लेकर नगर के मिष्ठान भंडार की दुकानों पर फ़ूड इंस्पेक्टर ने छापामारी कर दुकानों से मिठाईयों के नमूने लिए , छापेमारी के दौरान मिष्ठान भंडार की दुकानों के संचालकों में हड़कंप मचा रहा। नगर में फ़ूड इंस्पेक्टर शशांक त्रिपाठी के नेतृत्व में आगामी दीपावली पर्व को लेकर मिष्ठान भंडार की दुकानों पर छापेमारी की गई , इस दौरान नगर के न्यू बीकानेर स्वीट्स , एवं चन्नी राजा स्वीट्स से खोया का नमूना लिया गया एवं अरवन पंजाबी स्वीट्स से खोया एवं छेना का सैंपल लिया गया । वही ईश्वर प्रेमप्रकाश किराना स्टोर से कुतुबमीनार कम्पनी के सरसों तेल का सैंपल लिया। फूड इंस्पेक्टर की छापेमारी से मिष्ठान भंडार के संचालकों में हड़कंप मचा रहा। छापेमारी के दौरान नायाब तसीलदार ऋषिकांत मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय बदलापुर महोत्सव भव्य-दिव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न

- उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी द्वारा बदलापुर महोत्सव में विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण और उद्घाटन किया गया
- कैबिनेट मंत्री नगर विकास, ऊर्जा एके शर्मा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया





जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर। तीन दिवसीय बदलापुर महोत्सव के समापन समारोह को सांय होने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत कैबिनेट मंत्री नगर विकास एवं उर्जा एके शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम में बालीवुड सिंगर विनोद राठौर, भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार अरविंद अकेला कल्लू, भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव, दीपक सुहाना ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया महोत्सव में भारी संख्या में पहुंचे लोग रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आंनद लेते रहे कार्यक्रम के अंतिम दिन भारी भीड़ उमड़ने से जिला प्रशासन को कड़ी मशक्कत करना पड़ा तीन दिन चलने वाले महोत्सव में चहल पहल बनी रही इस तीन दिनो में केन्द्र प्रदेश सरकार की संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बदलापुर के लोगों ने खूब उठाया महोत्सव तीन दिन चलने वाले कार्यक्रमों में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के दर्जनों मंत्री विधायक संगठन के पदाधिकारियों



समेत देश विदेश के दर्जनों उद्योग पति कार्यक्रम का हिस्सा बने महोत्सव का समापन मयूर नृत्य और फूलो की होली के साथ महोत्सव का समापन हुआ। तीन दिन चलने वाले कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा समेत समस्त विभागों के मुखिया अपने अपने जिम्मेदारियों का सुंदर ढंग से निर्वहन करते हुए संबंधित कर्मचारियों को समय समय पर निर्देश देते रहे। महोत्सव के आयोजक क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र कार्यक्रम में लगे कार्यकर्ताओं सहयोगियों जिले के अधिकारियों कर्मचारियों कलाकारों समेत कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अष्टम आर्युवेद दिवस के आयोजन हेतु कार्य योजना तैयार: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार सायं अष्टम आयुर्वेद दिवस संबंधी बैठक संपन्न हुई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष धनतेरस के अवसर पर 10 नवंबर को अष्टम आयुर्वेद दिवस मनाया जाना है। इस वर्ष इसकी थीम रखी गई है ÷हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद÷।अष्टम आयुर्वेद दिवस के आयोजन हेतु कार्य योजना एवं रूपरेखा तैयार की गई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि धनवंतरी दिवस का आयोजन पर्यावरणीय लोहिया पार्क जौनपुर में दिनांक 10 नवंबर 2023 को सुबह 10ः00 बजे से किया जाएगा तथा आयुर्वेद होम्योपैथी एवं यूनानी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें यथा मधुमेह, हिमोग्लोबिन, प्रेगनेंसी, मलेरिया, टाइफाइड की निशुल्क जांच की जाएगी जनपद में संचालित 9 हेल्थ वेलनेस सेंटर आयुर्वेद एवं 12 हेल्थ वेलनेस सेंटर होम्योपैथिक पर भी शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं ग्रामीण जनता को आयुष के संदर्भ में जानकारी दी जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस सुअवसर पर आयुर्वेदिक पद्धति पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दे। छात्र-छात्राओं, किसानों तथा आम जनमानस के बीच तथा जन स्वास्थ्य में आयुर्वेद के महत्व को देखते हुए कैंप लगाकर इसका प्रचार प्रसार कराएं। विद्यालयों तथा सामाजिक संगठनों के माध्यम से भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इसका प्रचार प्रसार कराया जाए। साथ ही उन्होंने औषधीय गुणों से युक्त पौधों के पौधारोपण को बढ़ावा देने एवं इसके बारे में लोगो को जागरूक करने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, प्रभारी वनाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य चिकित्सकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपनी सिया को प्राण प्रिया को वन-वन ढूंढे राम

- रामलीला में सीताहरण व जटायू उद्धार का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खुटहन लवायन गांव में बुधवार की रात सीताहरण से जटायू उद्धार तक की रामलीला का मंचन किया गया। ब्राह्मण भिक्षु के रूप में पंचवटी से जगत जननी को धोखे से विमान में बैठाकर ले जा रहे रावण से जटायू का युद्ध देख दर्शक गीधराज की वीरता पर जयकार करने लगे। नर लीला कर रहे परमेश्वर पंचवटी में देवी सीता को न पाकर ब्याकुल हो उठते हैं। अनुज लक्ष्मण के साथ सिया की खोज में जंगल में निकल पड़ते हैं। वह ब्याकुल होकर पेड़ पौधे , पत्तियां,भौंरो, चिड़िया से सीता के बिषय में पता पूछते हैं। तभी पर्दे के पीछे से चौपाई हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी,तुम देखी सीता मृग नैनी। और अपने सिया को प्राण प्रिया को वन-वन ढूंढे राम का गीत गूंजता है। भगवान की वेदना पर सटीक बैठते गीत को सुन दर्शकों की आंखें भर आईं। वन में मुर्छित पड़े जटायू को देख प्रभु ने उन्हें गोंद में उठा लिया। गीधराज ने देवी सीता के बिषय में सारी जानकारी श्रीराम को दिया। प्रभु ने जटायू के सिर माथे पर हाथ फेरते हुए उन्हें जीवित कर देने को ज्यों कहा तो भक्तराज जटायू जवाब देते बोले, हे प्रभु जो जगत जननी की रक्षा करते हुए मूर्छित हो,उसका शरीर तीनों लोकों के रचयिता की गोंद में हो,ऐसा कोई मूर्ख ही होगा जो इस परम सौभाग्य को छोड़ जीवन की लालसा रखेगा। हे प्रभु मुझे अपनी गोद में रहते इहलोत से मुक्त कर दीजिए। जिसे देख दर्शको में अगाध प्रेम की धारा बह निकली। इस मौके पर जुगनू उपाध्याय,बंटू उपाध्याय, आशुतोष, शिवशंकर, राजन, कल्लू, विवेक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे पर अवैध तरीके से संचालित है खड़िया नैनिहा सब्जी मंडी

जन एक्सप्रेस । अनिल कुमार मौर्य

**मिहीपुरवा, बहराइच।** जिले के नानपारा लखीमपुर नेशनल हाईवे पर अवैध तरीके से खड़िया नैनिहा सब्जी मंडी का संचालन किया जा रहा है। इस सब्जी मंडी में करीब 200 से अधिक थोक और फुटकर सब्जी की दुकाने लगाई जाती है। क्षेत्र के किसान भी अपना उत्पाद बेचने के लिए इस मण्डी में आते हैं। जिले की नवसृजित तहसील मिहींपुरवा की अधिकतर ग्राम पंचायतों में किसान अनाज उत्पादन की अपेक्षा नगदी फसल के रूप में सब्जी उत्पादन पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में सभी प्रकार की सब्जियां किसान अपने खेतों में उगाते हैं। किसान मौसम के अनुसार सब्जी का उत्पादन करते हैं। इस क्षेत्र के किसान पाड़ बनाकर लौकी, तुरई, करेला, कद्दू, सेम, भिंडी, बैगन, गोभी, हरी मिर्च, आलू, टमाटर आदि का उत्पादन करते हैं। इस क्षेत्र के किसान परवल और अदरक का भी उत्पादन करते हैं। नदी का कछार और रेतीली जमीन होने के कारण क्षेत्र के किसान तरबूज, खरबूजा, ककड़ी का भी उत्पादन होता हैं। किसानों की ओर से उत्पादित सब्जियां खड़िया नैनिहा मंडी में बिक्री के लिए लगाई जाती हैं। इस मंडी में बाहर के आढ़ती भी व्यापार करने के लिए अपनी दुकान लगाते हैं। किसानों से फुटकर तरीके से सब्जियां खरीद कर थोक में बिक्री करते हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ दूसरे प्रदेश में भी इस क्षेत्र में उत्पादित सब्जी की मांग काफी अधिक है। जिस कारण बाहर के सब्जी व्यापारी यहां से सब्जी खरीद कर प्रतिदिन भारी वाहनों पर लाद कर ले जाते हैं और उन्हें अपने क्षेत्र में बिक्री करते हैं। इस क्षेत्र में सब्जी सस्ती होने के कारण बाहर के व्यापारियों को अच्छा मुनाफा मिलता है। इतने बड़े सब्जी उत्पादन इलाके में लगाई जा रही यह सब्जी मंडी पूरी तरीके से अवैध है। इसके बावजूद मंडी समिति के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।



### किसानों से वसूला जाता है गुंडा टैक्स

मण्डी स्थल और उसके आसपास कुछ दबंग किस्म के लोग दिन भर टहलते रहते हैं। खड़िया नैनिहा सब्जी मंडी में थोक और फुटकर सब्जी विक्रेताओं के करीब 200 से 300 फड लगते हैं। यह सब्जी विक्रेता सरकारी शुल्क के नाम पर फूटी कौड़ी भी मंडी समिति को नहीं देते हैं। मंडी समिति के अधिकारी कर्मचारी भी शुल्क जमा कराने की कोशिश नहीं करते हैं न हीं रसीद देते हैं। बल्कि तीन व्यापारियों से गुंडा टैक्स के नाम पर कुछ दबंग कृष्ण के लोग थोक और फुटकर व्यापारियों से अलग-अलग अपने स्तर से निर्धारित शुल्क प्रतिदिन वसूल करते हैं। लेकिन यह लोग भी मंडी समिति को फूटी कौड़ी नहीं जमा करते। जिसके चलते सरकार को प्रतिदिन भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### राजनीति संरक्षण बड़ी वजह

सब्जी विक्रेताओं से टैक्स के रूप में प्रतिदिन वसूले जा रहे हजारों रुपए दबंगों की जेब में चले जाते हैं। इन दबंगों को राजनीति संरक्षण प्राप्त होने की वजह से किसी भी अधिकारी इन पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। राजनीतिक संरक्षण की वजह से यह लोग सभी व्यापारियों से अपने करिंदों के माध्यम से रकम स्कूल लेते हैं। लेकिन यह रकम सरकार तक नहीं पहुंचती।

### डीएम ने मंडी स्थानांतरण के लिए की थी पहल

तत्कालीन जिलाधिकारी तत्कालीन जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने खड़िया नया सब्जी मंडी को नवीन सब्जी मंडी मिहींपुरवा में स्थानांतरित करने की पहल की थी। लेकिन व्यापारियों ने उनकी अपील को संज्ञान में नहीं लिया। नवीन सब्जी मंडी पर किसान और व्यापारी गए ही नहीं। आज भी यह सब्जी मंडी नेशनल हाईवे पर किसानों के खेत, ग्राम समाज की जमीन और पीडब्ल्यूडी की जमीन पर सड़क के दोनों तरफ लगाई जा रही है। जिससे दुर्घटनाओं के थमने के संकेत नहीं हैं।

### किसानों को नहीं मिलता वाजिब मूल्य

दरअसल उत्तर प्रदेश में किसानों को उसके उत्पाद का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए जगह-जगह नवीन मंडी स्थलों की स्थापना की गई है और बहराइच के मिहींपुरवा में रोड पर नवीन मंडी स्थल है। जहां किसान अपना कृषि उत्पाद सब्जिया बेचने के लिए नहीं आते है। परंतु कुछ धंधेबाजों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ एक नई सब्जी मंडी की स्थापना की है। जहां योजनाबद्ध तरीके से किसान की मेहनत से उगाई गई सब्जियों को ओने-पोने दामों में ख़रीदा जा रहा है।

### सरकार को लग रहा हर माह लाखों का राजस्व घाटा

अवैध सब्जी मंडी फड़ लगाकर सब्जी बेच रहे किसान और आढ़ती मंडी शुल्क अदा नहीं करते। मंडी समिति के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी इनसे मंडी शुल्क की वसूली नहीं करते हैं। रोजाना लाखों रुपए की मंडी शुल्क की चोरी हो रही है। बताते है मंडी समिति के कई कर्मचारी रोजाना अवैध मंडी में आते है और नजराना लेकर चले जाते है।

## महिलाओं के प्रति ऐसी संकीर्ण मानसिकता वाला मुख्यमंत्री योग्य नहीं : मधु पाठक

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्या के मसिनिया चौराहा,मऊ शिवाला में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा जिला शोध प्रमुख (अवध क्षेत्र) मधु पाठक के नेतृत्व में नीतीश कुमार का पुतला फूंक कर विरोध जताया गया,शोध प्रमुख मधु पाठक ने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से तत्काल इस्तीफा दे और उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई हो साथ ही कहा कि जब मुख्यमंत्री ही महिलाओं के प्रति ऐसी संकीर्ण मानसिकता रखते हैं तो ऐसे में महिलाओं के प्रति उनकी क्या विचारधारा है वह सबके सामने है मातृशक्ति पर टिप्पणी करने वाले नीतीश कुमार की बुद्धि असंतुलित हो गयी है भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ऐसी अशोभनीय टिप्पणी की कड़ी निन्दा करती है एक ओर जहां प्रधानमंत्री मा.नरेंद्र मोदी जी महिलाओ को सम्मान देने का कार्य कर है वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा महिलाओं पर टिप्पणी अत्यंत दुखद व निंदनीय है। पुतला फूंकने वालों में मुख्य रूप से नीलम पांडे, माया देवी, चेतना पांडे, बृहस्पति पांडे, मंजू दुबे,अमिता दुबे,कोमल, कामना पांडे, ऊषा,मीना देवी,कविता,रमा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की प्रतियोगिता में 70 प्रतिभागी हुए शामिल



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 9 नवंबर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में ''31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023-24'' जनपद बलरामपुर एक लघु शोध आधारित प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने आये हुए मुख्य अतिथि हफिर्जुरहमान प्राचार्य डायट एवं सम्मानित अतिथि गोविन्द राम जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर को बुके देकर स्वागत करते हुऐ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण करके द्वीप प्रज्जवलित कर आरती उतारा । तत्पश्चात् सम्मानित अतिथियों में, आशीष कुमार वर्मा जिला समन्वयक राजकीय इण्टर कालेज दारीचौरा बलरामपुर, लाल बहादुर एस0आर0जी0 गैसड़ी, हिमांशु धर द्विवेदी डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन, रा0बा0वि0 कांग्रेस प्रधानाचार्य एम0जे0 एक्टिविटी उतरौला बलरामपुर, डा0 जे0पी0 पाण्डेय प्राचार्य एम0एल0के0 कालेज बलरामपुर, साधना पाण्डेय प्राचार्य एम0डी0के0 इण्टर कालेज बलरामपुर, विनय मोहन तिवारी को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा बहुत ही मनमोहक सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम माँ सरस्वती वंदना में आराध्या पाण्डेय, यशी श्रीवास्तव, ख्याति मिश्रा, वैष्णवी, मरियम, रत्नप्रिया, आन्या शर्मा, एवं अनुष्का दूबे ने प्रस्तुति की तत्पश्चात् स्वागत गीत में अंशिका अभिनव, दिशा, तालबिया, तेजस्वी, सादमा एवं प्रीती समूह नृत्य करके समस्त अतिथियों का स्वागत किया।



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य जोनल रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 20.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 21.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 22.11.2023 से 06.12.2023 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं. | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04011 | दरभंगा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04530 | भटिंडा जं. | 20:55 | वाराणसी जं. | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं. | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 22.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरुवार, शनि | 30.11.2023 तक |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 01.12.2023 तक |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं. | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01653 | वाराणसी जं. | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 15:30 | पूर्णियाँ जं. | 16:05 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04047 | पूर्णियाँ जं. (अनारक्षित विशेष) | 16:55 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | गुरु, रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04052 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 22:45 | सहरसा जं. | 03:30 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04051 | सहरसा जं. (अनारक्षित विशेष) | 07:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | | शुक्र, सोम, गुरु, रवि | 10, 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल (अनारक्षित विशेष) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04057 | जयनगर (अनारक्षित विशेष) | 11:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | | शुक्र, सोम, गुरु, रवि | 10, 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01675 | मुज़फ्फरपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 27.11.2023 तक |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगलवार, शनिवार | 28.11.2023 तक |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | तिथि वार | शुक्र, सोम, बुध, शुक्र | 10, 13, 15 एवं 17.11.2023 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | | शनि, मंगल, गुरु, शनि | 11, 14, 16 एवं 18.11.2023 |
| 04002 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं. | 15:45 | तिथि वार | शुक्र, शनि, सोम, मंगल, गुरु | 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 |
| 04001 | पटना जं. | 18:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:20 | | शनि, रवि, मंगल, बुध, शुक्र | 11, 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | तिथि वार | शुक्र, शनि, सोम, मंगल, गुरु | 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 |
| 04021 | सहरसा जं. | 19:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | शनि, रवि, मंगल, बुध, शुक्र | 11, 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 |
| 05283 | मुज़फ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 11.11.2023 से 18.12.2023 |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 12.11.2023 से 19.12.2023 |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 07:25 | पटना जं. | 19:00 | तिथि वार | शनि, मंगल, गुरु | 11, 14 एवं 16.11.2023 |
| 02251 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | रवि, बुध, शुक्र | 12, 15 एवं 17.11.2023 |
| 09097 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:50 | जम्मू तवी | 08:35 | साप्ताहिक | रविवार | 12.11.2023 से 26.11.2023 |
| 09098 | जम्मू तवी | 23:20 | बान्द्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 14.11.2023 से 28.11.2023 |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13, 20 एवं 27.11.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 14, 21 एवं 28.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र | 10, 11, 14, 15, 16 एवं 17.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 11, 12, 15, 16, 17 एवं 18.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र | 10, 11, 14, 15, 16 एवं 17.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 11, 12, 15, 16, 17 एवं 18.11.2023 |
| 04494 | आनंद विहार टर्मिनल (गति शक्ति स्पेशल) | 08:30 | लखनऊ | 18:00 | तिथि वार | शुक्रवार | 10.11.2023 |
| 04493 | लखनऊ (गति शक्ति स्पेशल) | 08:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:15 | | रविवार | 12.11.2023 |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:30 | वाराणसी जं. | 23:30 | तिथि वार | शनिवार | 11.11.2023 |
| 04497 | वाराणसी जं. | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:10 | | रविवार | 12.11.2023 |
| 05734 | कटिहार | 07:50 | अमृतसर | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर | 12:45 | कटिहार | 03:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04527 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | | सोम, मंगल, शुक्र | 10, 14, 17 एवं 20.11.2023 |
| 04526 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04528 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | | गुरु, सोम, गुरु, रवि | 13, 16 एवं 19.11.2023 |
| 02260 | नई दिल्ली | 18:15 | भागलपुर | 15:15 | तिथि वार | मंगलवाल, शुक्रवार | 14 एवं 17.11.2023 |
| 02259 | भागलपुर | 20:00 | नई दिल्ली | 17:00 | | बुधवार, शनिवार | 15 एवं 18.11.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | तिथि वार | बुध, शनि, बुध, शनि | 11, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | गुरुवार, रविवार | 12, 16 एवं 19.11.2023 |
| 04115 | प्रयागराज जं. | 21:25 | आनन्द विहार (ट) | 08:15 | तिथि वार | मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार | 14, 17, 21 एवं 23.11.23 |
| 04116 | आनन्द विहार (ट) | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | | बुधवार, शुक्रवार, शनिवार | 10, 15, 18, 22 एवं 24.11.23 |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | तिथि वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध | 12 एवं 15.11.2023 |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. | 01:30 | | शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04004 | नई दिल्ली (अनारक्षित त्यौहार विशेष) | 00:10 | सीतामढ़ी | 23:30 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र | 11, 14 एवं 17.11.2023 |
| 04003 | सीतामढ़ी (अनारक्षित त्यौहार विशेष) | 02:00 | नई दिल्ली | 01:30 | | रवि, बुध, शनि | 12, 15 एवं 18.11.2023 |
| 04016 | नई दिल्ली | 14:55 | सहरसा जं. | 15:50 | तिथि वार | गुरु, रवि, बुध, शनि, मंगल | 12, 15, 18 एवं 21.11.2023 |
| 04015 | सहरसा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 19:20 | | शुक्र, सोम, गुरु, रवि, बुध | 10, 13, 16, 19 एवं 22.11.2023 |
| 02248 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | तिथि वार | गुरु, शनि, गुरु, शनि | 11, 16 एवं 18.11.2023 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:50 | | गुरु, शनि, गुरु, शनि | 11, 16 एवं 18.11.2023 |
| 09129 | वडोदरा | 19:00 | हरिद्वार | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.11.2023 से 25.11.2023 |
| 09130 | हरिद्वार | 17:20 | वडोदरा | 11:25 | | रविवार | 12.11.2023 से 26.11.2023 |
| 05065 | गोरखपुर जं. | 23:00 | नई दिल्ली | 12:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 15.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 16.11.2023 |
| 05069 | गोरखपुर जं. | 08:00 | नई दिल्ली | 22:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14 एवं 21.11.2023 |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर जं. | 14:45 | | बुधवार | 15 एवं 22.11.2023 |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 16.11.2023 |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 10 एवं 17.11.2023 |
| 05159 | छपरा जं. | 23:55 | नई दिल्ली | 20:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 11 एवं 18.11.2023 |
| 05160 | नई दिल्ली | 00:30 | छपरा जं. | 19:25 | | सोमवार | 13 एवं 20.11.2023 |
| 09426 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | साबरमती | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.11.2023 |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10, 17, 24.11 एवं 01.12.23 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 11, 18, 25.11 एवं 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 23.11.2023 से 07.12.2023 |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | तिथि वार | सोम, बुध, शनि | 13, 15, 18, 22, 25, 29.11 एवं 02.12.23 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | मंगल, गुरु, रवि | 14, 16, 19, 23, 26, 30.11 एवं 03.12.23 |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04017 | बापूधाम मोतिहारी | 15:00 | नई दिल्ली | 13:15 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04028 | आनन्द विहार (ट) | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 15, 18, 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04027 | बापूधाम मोतिहारी | 02:30 | आनन्द विहार (ट) | 23:45 | | गुरु, रवि, बुध, शनि, मंगल | 16, 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 05064 | लोकमान्य तिलक | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | पटना जं. | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं. | 23:45 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:00 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 13:45 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक | 23:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 11.11.2023 से 02.12.2023 |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.11.2023 से 25.11.2023 |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 14.11.2023 से 28.11.2023 |
| 09101 | वडोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.11.2023 से 27.11.2023 |
| 09102 | गोरखपुर | 05:00 | वडोदरा | 08:35 | | बुधवार | 15.11.2023 से 29.11.2023 |

09.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# डिजिटल व वित्तीय फ्रॉड के पीड़ित 1930 पर करें कॉल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



मिशन शक्ति 4.0 माह नवंबर में चल रहे बाल अधिकार सप्ताह के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग ,माध्यमिक शिक्षा, पुलिस विभाग द्वारा मण्डलायुक्त सौम्य अग्रवाल एवं पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह की अध्यक्षता में साइबर अपराध की घटनाओं से बचाव के संबंध में ''मोबाइल के सार्थक प्रयोग हेतु प्रोत्साहन व उसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक प्रदान'' करने हेतु कार्यशाला का आयोजन गांधी प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यशाला में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षक आदि को जागरूक किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मण्डलायुक्त बरेली मंडल, पुलिस महानिरीक्षक महोदय बरेली जोन, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को साइबर क्राइम, जेंडर इक्वलिटी, सेक्सुअल एब्यूज अगेंस्ट चाइल्ड, चाइल्ड लेबर से संबंधित शॉर्ट क्लिप दिखाई व सभी का संवेदी करण किया गया, इसी क्रम में साइबर सेल द्वारा कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से साइबर क्राइम व सोशल मीडिया के प्रति छात्र व अभिभावकों को जागरूक करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि 'सोशल मीडिया प्रयोग करते समय टू स्टेप वेरीफिकेशन और प्रोफाइल लॉक का ऑप्शन जरूर चुने और फेक प्रोफाइल का ऋद्यह्वठ्ठद्म द्घड्ड स्क्रीन शॉर्ट जरूर सेव कर साइबर सेल को सूचित करे। यदि आप किसी भी डिजिटल फ्रॉड, वित्तीय फ्रॉड शिकार होते हैं तो 1930 पर कॉल करें या संबंधित थाने में भी रिपोर्ट कर सकते हैं और www-cybercrime-gov-in पर 48 घंटे में रिपोर्ट दर्ज करवाये। कार्यशाला में मनोवैज्ञानिक द्वारा अभिभावकों को समझाया गया कि बच्चों के साथ माता-पिता को अधिक से अधिक समय व्यतीत करना चाहिए और उनकी गतिविधियों पर ध्यान देते रहना चाहिए, अभिभावक रोल मॉडल होते है बच्चे के लिए पे बात का ध्यान रखे। कार्यशाला मे माध्यमिक शिक्षा विभाग की तरफ से प्राचार्य, अभिभावकों और छात्रों द्वारा भी सोशल मीडिया के अनुभव के बारे मे चर्चा की गई।

कार्यशाला में अयुक्त द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को सभी स्कूल में साइबर सेल का गठन, और साइबर वॉल बनवाने के लिए निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा जिम्मेदारी के साथ सोशल मीडिया का प्रयोग करने को कहा गया और लापरवाही ना करने की अपील की गई। पुलिस महानिरीक्षक बरेली जोंन ने बच्चों और अभिभावकों को सोशल मीडिया, एआई, साइबर फ्रॉड होने के केस में पुलिस की सहायता लेने के लिए कहा गया। कहा गया घबराएँ नहीं ब्लकि सही समय पर रिपोर्ट करे ताकि आपको और आपके परिवेश को साइबर क्राइम से बचाया जा सके।

कार्यशाला के दौरान राकेश कुमार सयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मण्डल बरेली, गिरजेश कुमार चैधरी जिला विद्यालय निरीक्षक ,प्रगति गुप्ता जिला प्रोबेशन अधिकारी , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,अजय यादव साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ साइबर सेल ,डा0दुष्यंत कुमार उपाध्याय प्राचार्य उपाधि महाविद्यालय ,वीरेंदर कुमार यादव प्रधानाचार्य प0 दीन दयाल माडल इण्टर कॉलेज खमरिया पुल, अशोक कुमार अभिभावक पुष्प इंस्टीटयूट, जसमीत कौर अभिभावक लिटिल एंजल ,प्रशस्ति मिश्रा छात्रा बेन हर पब्लिक स्कूल,अंकित पाण्डेय छात्र उपाधि महाविद्यालय, पल्लवी सक्सेना मनोवैज्ञानिक सहित समस्त शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, महिलाओं कल्याण विभाग और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दीप सज्जा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। गुरूवार को दीपावली के अवसर पर चिरौंजीलाल वीरेन्द्रपाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कला अध्यापक चांदगीराम वर्मा के निर्देशन में दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 90 छात्रों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया एवं अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। अन्त में निर्णायक संजीव पाराशरी ने क्रमश: निरीक्षण कर सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चयनित किया ।प्रथम स्थान कक्षा 10वी के छात्र यश वर्मा, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से ख के प्रिन्स एवं 8वी के ऋषराज तथा तृतीय स्थान पर रख के अमन एवं 7 वी के हर्षित प्रभाकर रहे। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करते है हमें इस प्रकार के पर्व एवं त्योहार पर कार्यक्रम कर छात्रों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश देना चाहिए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य जगदीप कुमार, संजय मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## विद्युत उपभोक्ताओं को मिले ओटीएस योजना का लाभ: डीएम



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। विद्युत विभाग की ओटीएस योजना की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में हुई। बैठक के दौरान अधीक्षक अभियन्ता विद्युत ने जानकारी दी की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी विद्युत उपभोक्ताओं के बिल में लगे विलम्बित अधिभार छूट योजना ओटीएस जो कि दिनांक 08 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक है। उन्होंने बताया कि योजना के तीन चरणों एवं सभी में अन्तर के बारे में जानकारी ली गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने ई-डिस्ट्रक्ट मैनेजर को सीएससी को सुचारू से विद्युत विल जमा करने व ओटीएस योजना का लाभ विद्युत उपभोक्ताओं को देने के निर्देश दिए और कहा की ओटीएस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया दिए जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं का योजना का लाभ मिल सके। बैठक के दौरान निर्देश दिए गये अधीक्षक अभियन्ता 15 दिन में 01 दिन, अधिशासी अभियन्ता सप्ताह में 01 दिन, उपखण्ड अधिकारी सप्ताह में 02 दिन तथा अवर अभियन्ता सप्ताह में 03 दिन कैम्प में प्रतिभाग करे तथा कैम्पों में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों की सूची मुख्य विकास अधिकारी को पूर्व में उपलब्ध कराई जाए , जिससे की निगरानी रखी जा सके। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के स्टाफ के जानकारी ली। उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के सम्बन्ध में मोबाईल पर भी जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा ग्राम पंचायतों में उक्त योजना से सम्बन्धित बैनर लगाये जाए। बैठक के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी एवं कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ओटीएस योजना का ग्रामीण उपभोक्ताओं एवं कृषकों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचान में सहयोग करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, डीसी मनरेगा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सहायक अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारी उपस्थित रहे।




































# 1.51 लाख मिट्टी के दीपक बांट कर दिया स्वदेशी दीपावली मनाने का संदेश

* कुम्हारों से दिए खरीद कर उन्हे भी किया सम्मानित
* विदेशी वस्तुओं का बहिस्कार कर स्वदेशी दीपावली मानाने की अपील

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री व नर सेवा नारायण सेवा संस्थापक ने 1.51 लाख मिट्टी के दीपक कुम्हारों से मुंह मांगी कीमत पर खरीद कर उन्हें श्रीराम नाम का पटका पहना कर व उन्हें मिठाई देकर सम्मनित किया। इसके बाद इन भी दीपकों को आम जनमानस में बांटते हुए आगामी 22 जनवरी को अपने अपने घरो में 5 घी के दीपक जलाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने लोगों से चाइनीज झालर व विदेशी वस्तुओं का बहिस्कार कर स्वदेशी दीपावली मानाने की अपील भी की। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी ने कहा कि अयोध्या का संघर्ष हमारी कई पीढ़ियों का संघर्ष हैं। अब जब लगभग 500 वर्षों बाद हमारी पीढ़ी भव्य राममंदिर बनते देख रही हैं तो इस दीवाली पर कम से कम 5 दिये राम जन्मभूमि के संघर्ष में बलिदान हुए लोगो के नाम पर हम सभी को जलाने चाहिए। उन्होंने वोकल फ़ॉर लोकल विषय पर कहा दुर्भाग्य से समाज त्योहारों का मूल उद्देश्य भूलकर टेलीविजन की नकल में लगा हैं। यही कारण है कुम्हारी कला जिनका मुख्य त्योहार दीपावली पर मिट्टी के दीपक बेचना था इसी तरह हिन्दू समाज की अनेक जातियां त्योहारों से आर्थिक लाभ पाती थी, आज लाभान्वित नही हो पा रही है। इसलिए अपने आसपास के हिन्दू दुकानदारों को तरजीह देनी चाहिए। विमल द्विवेदी ने कहा भारतीय संस्कृति में कर्मकांड हो, पूजा पाठ हो या त्योहार सभी के पीछे हिन्दू अर्थव्यवस्था की व्याख्या दिखती है जिसे हमें फिर से मजबूती देने व समाज को जागरूक करने की आवश्यकता हैं। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, विकास सिंह सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, शिवसेवक त्रिपाठी, विष्णु गुप्ता, मनीष अवस्थी, मनीष मिश्रा, योगेंद्र तिवारी, अनिल सोनी, सुरेश सेंगर, रामचंद्र दीक्षित, धर्मेंद्र शुक्ल, अभिषेक तिवारी, शिवम शुक्ला समेत आधा सैकड़ा कार्यकर्ता चाइनीज भगाओ देश को शक्ति शाली बनाओ के नारे के लगा कर स्वदेशी दिवाली मानाने का सन्देश देते नजर आए।

## क्षेत्र पंचायत बैठक में 75 ग्राम पंचायत के साढ़े सात करोड़ के कार्यो के प्रस्ताव पर विचार




जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

विकास खण्ड मुख्यालय पर गुरुवार को हुई क्षेत्र पंचायत बैठक में 75 ग्राम पंचायत के साढ़े सात करोड़ के कार्यो के प्रस्ताव लिये गये। वही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन पर विचार किया गया। वीडियो आइएसबी मनोज कुमार ने पिछली बैठक की कार्ययोजनाओं को पढ़ कर सुनाया व क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन के तहत पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना से ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत में कार्यो के प्रस्ताव लिये गये। ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत योजना का विकास, पेयजल व्यवस्था, पेंशन योजना, दिव्यांग बृद्धा अवस्था पेंशन, निराश्रित कन्या सुमंगला शादी अनुदान योजना, पीएम आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि बीज व सहकारिता योजना, लघु सिंचाई नलकूप विभाग, प्राथमिक शिक्षा सर्व शिक्षा अभियान व कायाकल्प योजना, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा एवं अन्य विभागों की योजनाओं पर विचार किया गया। बैठक में जिलापंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधायक ब्रजेश रावत, ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/बीडीओ डॉ राम मोहन मीणा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## दो दिन से लापता युवक का तालाब में पड़ा मिला शव

* बिहार थाना क्षेत्र के पनई बुजुर्ग गांव की घटना
* पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बिहार थाना क्षेत्र के पनई बुजुर्ग गांव में दो दिन से लापता 48 वर्षीय युवक का शव भोर पहर संदिग्ध हालातों में गांव किनारे स्थित तालाब में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने यह देख परिजनों व पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिहार थाना क्षेत्र के पनई बुजुर्ग गांव निवासी कृष्ण कुमार (48) पुत्र स्व. हनुमान सिंह बीते तीन दिन से घर नहीं आया था। उसकी तलाश कर रहे परिजनों को गुरुवार सुबह ग्रामीणों से उसका शव गांव किनारे स्थित एक तालाब में उतराता मिला। घटना की खबर सुनकर परिजनों में हाहाकार मच गया। पति को शव देख पत्नी रीना का रो रोकर बेहाल है। इस घटना से उसके तीन बच्चों साहिल, आदर्श व श्रेया के सिर से पिता का साया छीन गया। मृतक के चाचा महेंद्र सिंह ने बताया कि कृष्ण बहादुर दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई सुनील पंजाब प्रांत में रहकर मजदूरी करता है। मृतक भगवंतनगर में निवासी एक युवक के पास बीते सात सालों से नौकरी कर रहा था। अक्सर रात तक वह घर आ जाता था लेकिन पिछले दो दिनों से वह वापस नहीं लौटा था। इस संबंध में एसओ बिहार शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि तालाब में युवक का शव मिला है। परिजनों ने कोई गुमशुदगी नहीं दर्ज कराई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## विधिक सेवा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर बीते दिन प्रातः 9:30 बजे जनपद न्यायालय परिसर उन्नाव से जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव, द्वारा हरी झण्डी दिखाकर विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी को रवाना किया गया। रैली में श्याम कुमारी सेठ बालिका विद्यालय, अटल बिहारी इन्टर कालेज उन्नाव, जी नाथ. दयाल बालिका इन्टर कालेज, के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभात फेरी में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, पराविधिक स्वयं सेवक ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में बीते दिन अपराह्न 1:30 बजे तहसील सभागार, तहसील सदर उन्नाव में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्षय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,उन्नाव के तत्त्वाधान विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं बद से बदतर हो गई

* बुधवार को महिलाओं की नहीं हुई ओपीडी, अधीक्षक पर लगा जातिवाद का आरोप

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील कार्यालय से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल बद से बदत्तर हो गया है इसका प्रमाण यह फोटो बता रही है कि दर्द से कराह रही महिला गेट पर जमीन पर लेटी है। वहीं पर महिला डॉक्टर बुधवार को कोई आई नहीं थी अस्पताल में बृहस्पतिवार को आई है तो वह अपने मोबाइल में व्यस्त हैं। अधीक्षक डा दिलीप कटियार ऊपर बैठे एक प्राइवेट रूम में बच्चों को देख रहे हैं उस कमरे में कैमरा नहीं लगा है जहां पर गिन्नी नाम का आदमी रू50 प्रति बच्चा मरीज दिखाने पर लेता है। और बाहर से भी दबाए लिख रहे हैं प्राइवेट आदमी वर्षों से उनकी सेवा शिवराजपुर से कर्ता हुआ जब से उनका तबादला बिल्हौर में हुआ है तब से वह बराबर सेवाएं दे रहा है अधीक्षक अस्पताल आए ना आए गिन्नी पूरे अस्पताल में टहलकर हर सीट की जानकारी पल-पल मोबाइल पर देता रहता है अगर कोई पत्रकार दवा लेने भी पहुंच गया और किसी डॉक्टर से ली उसकी भी सूचना होने पर अधीक्षक उस डॉक्टर से फोन पर कहते हैं कि किसी पत्रकार को दवा लेनी हुआ करें तो सबसे पहले मेरे पास आकर पर्चा बनवाए फिर आप लोग दबा देंगे। जन एक्सप्रेस संवाददाता 11:33 पर महिला अस्पताल पहुंचे तो यह नजारा देखकर दंग रह गए कि गेट पर दर्द से कराह रही महिला पलटी पीड़ित महिला ने बताया कि 30 मिनट से लेटे हैं कोई देखने वाला नहीं है। कर्मचारियों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि अधीक्षक सिर्फ अपने बिरादरी के लोगों से कुछ नहीं कहते हैं बाकी सभी को डांटते रहते हैं। मुक्त शिक्षा अधिकारी को फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन नहीं लगा जिससे उनका पक्ष ज्ञात न हो सका आखिरकार इतनी लापरवाह अधीक्षक पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज उसी समय डाल दिया गया था।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखे संग आरोपी दबोचा



जन एक्सप्रेस। उन्नाव। सीताराम कॉलोनी निवासी जीतू ने दीपावली के पर्व को देखते हुये घर में अवैध पटाखे कमरे में रख रखे थे। मुखबिर की सूचना पर दरोगा गया प्रसाद रमन ने बुधवार रात उसके घर पहुंचे। जहां पुलिस ने तलाशी ली। तलाशी लेने के दौरान पुलिस ने घर के अंदर एक कमरे में विस्फोटक सामग्री, आतिशबाजी का सामान, पटाखा, अनार, फुलझडी, राकेट, बारूद आदि बरामद हुआ। जिसकी बाजारू कीमत लगभग तीस हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये उसे कोर्ट भेजा है।

### हत्या के प्रयास व पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहा आरोपी दबोचा



जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर उ0नि0 हरी निवास शर्मा, का0 अम्बरीश कुमार, रजनीश चौधरी, आकाश चौधरी गश्त पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पोनी रोड अवस्थी फार्म गेट से हत्या के प्रयास व पॉक्सो एक्ट आरोपी डेरा वाला पीपर खेडा निवासी अमित को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे पकड़ कर कोतवाली लाई। जहां उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये उसे कोर्ट भेजा गया है।

### तमंचे की नोक पर लाखों की लूट

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। रविदास नगर पानी की टंकी के पास रहने वाली राजरानी ने बताया कि उसके बड़े बेटे धर्मेन्द्र की शादी होनी है। जिसको लेकर तैयारियां हो रही थी, घर में जेवर और नकदी थी रखी थी। आरोप है कि रात लगभग साढ़े बारह बजे अज्ञात चोर दरवाजे को लात मारकर तोड़ दिया। जिस पर छोटे बेटे सिद्धार्थ और उसने विरोध किया। जिस पर चोरों ने उनके ऊपर तमंचा तान दिया। इसके साथ ही चाकू लगा दी। जिसके बाद चोरों ने बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी सत्तर हजार की नगदी और जेवर पार कर दिया। पीड़िता ने रात में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### दीपावली पर्व को लेकर नगर में सैकड़ों दुकानों से बाजार पटे

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। रविवार को पड़ने वाले दीपावली पर्व को लेकर नगर में सैकड़ों दुकानों से बाजार पट से गये हैं। फोरलेन के दोनों तरफ सैकड़ों की संख्या में मूर्ति बेचने वाले, खील-खिलौने की दुकानें, पूजन सामग्री की दुकानें लग गई हैं। जहां पर खरीदारों की भीड़ भी जुटना शुरू हो गई है। वहीं दीपावली पर्व, हो और कपड़ों की खरीदारी न हो यह हो नहीं सकता। नगर की गारमेंटस दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिल रही है। इसके अलावा पोनी रोड, ऋषि नगर, सकेतपुरी, नेहरू नगर, अंबिकापुरम, गोपीनाथपुरम, मिश्रा कॉलोनी, चंपा पुरवा, बिंदा नगर, श्रीनगर, डॉकतार कॉलोनी, शक्ति नगर के अलावा अन्य स्थानों पर भी तमाम प्रकार की दुकानी सज गई है। जिससे अभी से ही बाजारों में रन के देखने को मिल रही है।

### बाल विवाह प्रतिबंध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज/उन्नाव। देवारा कलॉ स्थित पूर्णिमा विद्या मंदिर इंटर कालेज में उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तहत बाल विवाह प्रतिबंध पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार मिश्र की मौजूदगी में विद्यालय में चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता कराई गई। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने भाग लिया और अपना हुनर दिखाया। वहीं बच्चों को बताया गया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन), पुत्री शादी अनुदान, स्पॉन्सरशिप तथा बालक/बालिकाओं की सुरक्षा के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे टोल फी नम्बर 1090, 1098, 181, 108, 102, 1076, 112 के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर राजकुमारी, हरिवेन्द्र सिंह, वरूण पाठक समेत समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## कटरी के शंकरपुर ग्राम में बाल श्रमिक विद्या योजना के हितलाभ प्रमाण पत्र का किया वितरण



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कटरी शंकरपुर ग्राम के उच्च प्राथमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित बाल श्रमिक विद्या योजना का हितलाभ का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। योजना में 08 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को अनिव्रत शिक्षा के लिए लाभान्वित किया जा रहा है जिसमें बालक को 1000 प्रतिमाह और बालिका को 1200 रुपए प्रतिमाह की धनराशी देय है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनुराधा अवस्थी ब्लाक प्रमुख उपस्थित रहीं साथ ही विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान श्री विनोद निषाद प्रधानाध्यापक श्री अब्दुल कुदुस ख़ान, बाल कल्याण समिति के सदस्य दीप अवस्थी, एस जे पी यू से गौरी शंकर, एएचटीयू से प्रभारी गणेश तिवारी, श्रम विभाग से सहायक श्रमआयुक्त कीर्ति वर्धन, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शरद, प्रमोद शुक्ला यूनिसेफ से अर्शी ख़ान, आदि उपस्थित रहे।

## डी.सी.पी. से दबंगों द्वारा खेत पर कब्जा किए जाने के मामले में लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चौबेपुर थाना क्षेत्र के कुर्मीखेड़ा गांव में दबंग लोगों ने गांव के आम रास्ते चकरोड पर कब्जा कर लिया। यही नहीं उन लोगों ने एक बार प्रशासन से कब्जा मुक्त कराई गई जमीन को दोबारा जोतकर अपने खेत में मिलाकर आलू की फसल गाड़ दी जिससे परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को थाने पर पहुंच कर समस्या बताकर आम रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई । निरीक्षण करने आए डीसीपी विजय ढुल और एडीसीपी आकाश पटेल के सामने अपनी समस्या सुनाई जिस पर मौके पर मौजूद एडीसीपी ने तत्काल समस्या को हल करने का आश्वासन दिया। गुरुवार को थाना क्षेत्र के कुर्मीखेड़ा गांव निवासी सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण ने गांव के ही अनूप कुमार, निरमेश कुमार, राहुल, सुंदरम, गुड्डन कटियार, राम प्रकाश और दरगाहीलाल पर गांव का चकरोड पर कब्जा कर उसको अपने खेत में मिल लेने की शिकायत लेकर पहुंचे थे इस समय डीसीपी पश्चिम विजय ढुल और एडीसीपी आकाश पटेल थाने का निरीक्षण कर रहे थे। तभी कुर्मी खेड़ा गांव के फरियादियों ने एडीसीपी आकाश पटेल को अपनी समस्या सुनाई और बताया कि तहसील प्रशासन के द्वारा उसे रास्ते को बीते कुछ माह पहले हिदायत देकर कब्जा मुक्त कराया जा चुका था लेकिन इसके बावजूद ग्राम प्रधान पति देवेश कटियार,लेखपाल सर्वेश यादव की मिलीभगत कर चकरोड पर दोबारा कब्जा कर दिया, यही नहीं बल्कि ग्रामीणों ने थाने के कुछ पुलिसकर्मी और ग्राम प्रधान व लेखपाल पर भ्रष्टाचार के माध्यम से मिली भगत करने के भी आरोप लगाए। वही मौके पर मौजूद अधिकारियों ने समस्या को संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## बीबीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका खड़े होकर छोटी बच्ची से लगवा रही झाड़ू



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिक्षकों की मनमानी के चलते अधिकारियों की कोई नहीं सुन रहा है ब्लॉक स्तर पर बैठे अधिकारी आदेश पर आदेश और आकस्मिक निरीक्षण अनुपस्थित पाए जाने पर शिक्षक शिक्षिकाओं के वेतन भी काट रहे हैं लेकिन वह सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं 10त्न अध्यापक ऐसे हैं जो स्कूल पढ़ाने नहीं जाते हैं। अधिकारियों के आसपास चक्कर लगाते हैं और वह ही शिक्षक शिक्षिकाओं को अधिकारियों के खिलाफ भड़काते भी हैं जिससे कभी अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगाने वाले शिक्षकों से ना कह सके कि यहां क्यों बैठे हो जाकर स्कूलों की दशा देखो शिक्षा का सुधार करो प्रतिदिन अधिकारियों के आदेश के बावजूद भी बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर में शिक्षिका बच्ची से झाड़ू लगवा रही है आखिरकार गांव सभा में जहां सफाई कर्मचारी नहीं है वहां रोस्टर के हिसाब से स्कूलों की साफ सफाई ब्लॉक अधिकारी करवा रहे हैं। इसके बावजूद भी इस स्कूल में बच्ची से जबरदस्ती झाड़ू लगाया जा रहा है इस संबंध में अभिभावकों से जब जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया हमारी बच्चियों घरों पर डर की वजह से नहीं बताती हैं कि अध्यापक मारपीट करेंगे

## ख्यौरा कटरी के लक्ष्मण पुरवा में 9.48 लाख रूपए की लागत से बनेगी इंटरलॉकिंग सड़क



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम ख्योरा कटरी के मजरा लक्ष्मण पुरवा में मेन रोड से जगदीश के घर तक इंटरलॉकिंग रोड नाली का कार्य जिसकी स्वीकृत राशि 9.48 लाख है। सड़क का लोकार्पण माननीय ब्लॉक प्रमुख कल्याणपुर श्रीमती अनुराधा अवस्थी जी व प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री दिनेश अवस्थी जी के कर कमल द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती जमुना देवी ग्राम प्रधान श्रीमती प्रीति निषाद ग्राम सचिव शालिनी मिश्रा पूर्व प्रधान श्री अशोक निषाद , दिनेश निषाद शिवम दिक्षित तरुण मिश्रा व ग्राम वासी मौजूद रहे। ग्राम वासियों ने प्रमुख जी को हृदय से धन्यवाद दिया।

## जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर में सांस्कृतिक एवं रंगमंची कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर का सांस्कृतिक एवं रंगमंची कार्यक्रम विद्यालय कैम्पस के प्रेक्षागार में सम्पन्न हुआ। सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत का सामूहिक रूप से छात्रों ने बहुत सुन्दर ढंग से संगीतमय धुनों के साथ प्रदर्शन किया. संस्कृत नाटक एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति देखने योग्य थी। अंग्रेजी नाटक (इको फ्रेन्डली दीपावली) श्री राम स्तुति, हिन्दी नाटक, (टेलीग्राम) लोक नृत्य (छट गीत) कव्वाली (हम भारत के बच्चे), संस्कृत नाटक (वीर सर्वदमनः) देवी नृत्य (महिषासुर मर्दिनी), विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को आनन्द से भावविभोर कर दिया । सर्व शिक्षा अभियान पर आधारित हिन्दी नाटक टेलीग्राम एवं राजस्थानी लोक नृत्य (घूमर) की प्रस्तुति लोगो को ऐसा लगा मानों वे उसी कालखंड में उपस्थित हैं। देवी नृत्य (महिषासुर मर्दिनी) एवं वन्देमातरम (नृत्य) ने सभी आगन्तुकों को मंत्र मुग्ध कर दिया कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन0 बी0 सविता (संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल) ने अपने उद्बोधन में सरकारपरक शिक्षा पर विशेष बल देते हुये बताया कि चश्चीकरण के कारण भारतीय संस्कृति और परम्परा पर आसन्न संकटो को देखते हुये देशभक्त नागरिक, संस्कारक्षम वातावरण में ही निर्मित हो सकते है। उन्होने विद्या भारती से जुड़े विद्यालयों की प्रशंसा की कार्यक्रम में, डा0 कमल किशोर, गुप्त डा0 सरस्वती अग्रवाल, संतराम द्विवेदी, डा0 गीता सिंह ब्रजेश तिवारी अभिभावक एवं नगर के सम्मानित जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष द्विवेदी, रुचिका बाजपेयी ने किया। कार्यक्रम समीर दीक्षित, मनोज त्रिपाठी, करूणा शंकर मिश्र एवं विनोद द्विवेदी, या सभी आचार्य और कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक पास

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी।** पटना। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया गया। जिसे सर्व सम्मति से पास करा लिया गया। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है। अब यह विधेयक विधान परिषद में रखा जाएगा। जहां से पास होने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा। विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी अपील है कि केंद्र सरकार भी जातीय गणना कराए। उन्होंने केंद्र से भी आरक्षण बढ़ाने की मांग की है। सदन में सीएम ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई है। विधेयक में ईडब्लूएस के आरक्षण का जिक्र नहीं होने पर बीजेपी ने सवाल उठाया। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि ईडब्लूएस का आरक्षण दूसरे अधिनियम से लागू होगा। ईडब्लूएस आरक्षण पहले की तरह लागू रहेगा। इसके अलावा बिहार सचिवालय सेवा संशोधन विधेयक 2023, बिहार माल और सेवाकर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023 भी पेश किया गया। विधानसभा में सीएम नीतीश और जीतनराम मांझी के बीच तीखी नोकझोंक हुई। मांझी आरक्षण विधेयक का विरोध कर रहे थे। तभी सीएम ने उन्हें बीच में ही टोका और कहा मेरी मुर्खता से ये मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा के विधायक कुंदन कुमार और राजद विधायक विजय कुमार मंडल सदन के बाहर आपस में भिड़ गए। आरक्षण के मुद्दे को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कहासुनी के दौरान कंडोम बेचने तक बात पहुंच गई। राजद विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि बीपी सिंह मंडल के महानायक रहे हैं। वे नायक नहीं, महानायक थे।



















## कांग्रेस को 100 साल तक तरसाइए: मोदी

### छतरपुर में कहा, इन्होंने बुंदेलखंड को बूंद-बूंद पानी को तरसाया, राम को काल्पनिक बताया



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी।** सतना/छतरपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर हैं। सतना की चुनावी सभा को संबोधित कर वे छतरपुर पहुंचे। छतरपुर में पीएम ने कहा, अयोध्या में भगवान राम का मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने भगवान राम को काल्पनिक बता दिया था। इन्होंने बुंदेलखंड को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाया, इन्हें 100 साल तक तरसाइए। सत्ता के लिए तरसाकर सजा दीजिए। इससे पहले सतना की चुनावी सभा में पीएम ने कहा, अयोध्या में जिस भक्ति से हम प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना रहे हैं, उसी भक्ति से गरीबों के घर भी बनाते हैं। जिन्हें घर (पीएम आवास) नहीं मिले हैं, उन्हें मोदी की गारंटी है कि उनका घर भी बनेगा। 3 दिसंबर को सरकार वापसी पर पीएम आवास का काम तेजी से शुरू होगा। ये मोदी है, जिसने 4 करोड़ घर बनाए, लेकिन खुद के लिए घर नहीं बनाया। मोदी ने युवाओं खासकर फर्स्ट टाइम वोटर से कहा, पूरे चुनाव को आप लीड करिए।

- **जिनका जन्म नहीं, कांग्रेस ने उन्हें लाभार्थी बनाया:** कांग्रेस ने देशभर में करीब 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी बनाए। जिनका जन्म तक नहीं हुआ था, उनके नाम से तिजोरी से पैसे निकालती थी। ये पैसे कांग्रेस के चेले-चपाटों की जेब में जाते थे। मोदी ने ये सारे घोटाले बंद कर दिए। बिचौलियों की मौज पर भी ताला लगा दिया।
- **कांग्रेस आई तो योजनाएं बंद कर देगी:** एमपी में कांग्रेस ने आपके सामने 2 ऐसे नेता खड़े किए हैं, जो कई दशकों से मध्यप्रदेश कांग्रेस को चलाते हैं। आजकल दोनों एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। कांग्रेस आई तो मुफ्त राशन मिलना बंद हो जाएगा। मुफ्त में इलाज मिलना बंद हो जाएगा। लाड़ली बहना योजना बंद हो जाएगी
- **जहां कांग्रेस आई, वहां तबाही लाई:** मतदान से पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया है। उसके पास मध्यप्रदेश के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। कांग्रेस के थके-हारे चेहरों में एमपी के युवाओं को कोई भविष्य नहीं दिखता। इसीलिए एमपी को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। जहां-जहां कांग्रेस आई, वहां तबाही लाई है।




### मणिपुर में महिला समेत 2 लोगों की हत्या

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इंफाल में पुलिस ने बुधवार को दो शव बरामद किए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक शव महिला का है, जो ताइरेनपोकपी इलाके के आसपास मिला। वहीं मंगलवार को इंफाल पूर्वी जिले के ताखोक मापल माखा इलाके में एक पुरुष की डेड बॉडी मिली, जिसकी उम्र लगभग 40 साल बताई जा रही है। यह जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए थे और सिर पर गोली के निशान थे। पुलिस ने कहा, महिला उन चार लापता लोगों में से एक है, इंफाल पश्चिम जिले के कांगचुप तलहटी से किडनैप कर लिया गया था।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर)** आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : **UPHIN/2009/30003**, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, **(नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)**

# त्योहारों के नज़दीक आते ही मिलावटखोर हुए सक्रिय

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

त्योहार के मौसम में कालपी के बाजारों में नकली तथा अपमिश्रित खाद्य सामग्रियों धंधा जोरों पर चल रहा है। खराब सामान बेच करके तमाम दुकानदार भारी मुनाफाखोरी में लिप्त है।

दीपावली तथा भैया दूज के पर्व के अवसर पर मिठाइयां तथा पकवान घर-घर में तैयार होते हैं। तमाम स्थानों में पूजा के लिए प्रसाद तैयार किया जाता है। कालपी में स्थित खोवा मंडी की प्रसिद्धी दूर-दूर तक बनी हुई है, इसी का अनुचित लाभ कई दुकानदार उठाते हैं। बताते हैं कि कालपी में नकली खोवा, मावा बनाने की भट्टी तथा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। जिसमें दूध के जगह केमिकल, आलू, शकरकंद मिलकर खोवा तैयार कराया जा रहा है तथा मंडी में ऊंचे ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। जरूरतमंद लोग नकली तथा अपमिश्रित की खोवा को खरीदने के लिए मजबूर है। इसी प्रकार मिठाइयों की दुकानों में केमिकल तथा अखाद्य पदार्थ मिलाकर मिठाइयों को तैयार करके बेचने का धंधा जोरों से फल-फूल रहा है। परचून की दुकानों में नकली सामानों की भरमार है। जहाँ नकली तेल, रिफाइंड, हल्दी, धनिया आदि सामग्री धड़ल्ले से बिक रही हैं। इस मामले को लेकर के नगर वासियों के द्वारा पीस कमेटी में बैठक में मामले को उठा गया था। उन्होंने अपमिश्रित सामानों की बिक्री को रोकने के लिए कार्यवाही करने की मांग की थी। जन भावनाओं को मद्देनजर रखते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार के द्वारा मिठाइयों की दुकानों में चेकिंग की गई। इसी प्रकार खाद्य विभाग के द्वारा चार दुकानों के में सामानों के सैंपल भरे गए।

## नकली पेंट तथा वॉलपुट्टी का कारोबार जोरों पर

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

दीपावली का पर्व आते ही धार्मिक दृष्टिकोण से नगरवासी अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों में पुताई करने लगे हुए हैं। इसके लिए पेंट्स तथा बाल पुट्टी की जरूरत पड़ती है। नकली वाल पेंट्स, बाल पुट्टी का धंधा कालपी में किसी से छिपा नहीं है।पिछले वर्ष नकली बाल पुट्टी का लाखों रुपए कीमत का माल मशहूर हार्डवेयर की दुकान तथा गोदाम से बरामद किया गया था। लेकिन कुछ दिन तो नकली बाल पुट्टी तथा पेंट्स का कारोबार ठंडा रहा लेकिन उसके बाद फिर से कारोबार में पैर पसार लिये है। इस साल नकली बाल पुट्टी को पकड़ने के लिए कोई



टीम कालपी में नहीं आई है। इसलिए मिलावटी कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद है। जनहित में प्रशासन से अपेक्षा है कि नकली पेंट तथा बाल पुट्टी का धंधा करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## अटैक पड़ने से किसान की मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**जन एक्सप्रेस । सिरसा कलार**

थाना क्षेत्र के ग्राम रिनिया में अधेड़ की अटेक पड़ने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम रिनिया निवासी किसान बुल्ले दीक्षित 45 वर्ष पुत्र विद्या दीक्षित। बताया गया है कि गुरुवार को अचानक अटैक आ जाने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोसियों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

ूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया है कि वह एक गरीब किसान था, और वह अपनी पत्नी के साथ गांव में रहता था, जबकि उसके दो पुत्र हैं जो बाहर रहते है। फिलहाल थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## डीएम ने धन्वंतरि पूजन एवं वृहद आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अष्टम आयुर्वेद दिवस 2023 (धन्वंतरि दिवस) कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि पूजन तथा फीता काटकर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हरदोई गूजर में किया। भगवान धन्वंतरि पूजन एवं वृहद आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आयुर्वेद के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने आमजनमानस से आयुर्वेद विधा का लाभ लेने का आह्वान किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने चिकित्सालय परिसर एवं चिकित्सालय के हर्बल गार्डन का अवलोकन किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 सत्येंद्र पटेल ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन में दिनांक 05 नवम्बर से 08 नवम्बर 2023 तक आयुर्वेद की उपयोगिता के सम्बंध में जनपद के चिकित्साधिकारियों द्वारा विभिन्न ग्रामो में चौपाल का आयोजन किया गया एवं किसानों के मध्य आयुर्वेदिक औषधियों के महत्व को बताते हुए हर्बल गार्डन स्थापित करने के सम्बंध में विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि दिनांक 08 नवम्बर 2023 को सभी के लिए आयुर्वेद विषय पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों की पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिविर में विभिन्न ग्रामो के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। आज शिविर में चिकित्सकों की टीम में 836 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने समस्त चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि दिनांक 10 नवम्बर 2023 को अपने अपने चिकित्सालय परिसर में धूमधाम से धन्वंतरि दिवस मनाए साथ ही आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम आयोध्या प्रसाद सहित चिकित्सको की टीम सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में कृषि विभाग के एडीओ की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार लोडर ने बस स्टैंड के पास कृषि विभाग के एडीओ को टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना को को अनजाम देने वाले लोडर को पकड़ लिया। वहीं पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।आटा कस्बा निवासी शंकर पाल 58 वर्ष जोकि कृषि विभाग में एडीओ के पद पर झांसी में तैनात थे। बताया गया है कि बुधवार की देर रात वह ड्यूटी कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर कानपुर की ओर से तेज रफ्तार आ रही लोडर ने आटा बस स्टैंड के पास टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शंकर उछलकर सड़क पर गिरा और मौके पर मौत हो गई।

घटना से मौके पर हड़कंप मच गया, और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। वहीं भीड़ इकट्ठा होते देख घटना को अंजाम देने के बाद चालक ने लोडर लेकर भागने का प्रयास किया। लेकिन मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान घटना की खबर मृतक के परिजनों को दी।

## अलग-अलग स्थानों से जुआ खेलते नौ जुआरी गिरफ्तार, नगदी बरामद

**जन एक्सप्रेस । उरई**




एट थानाध्यक्ष ने जुए के फड़ पर पर दबिश डाल दी। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर मौके पर जुआ खेलते नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौके से नगदी के अलावा ताश के पत्ते भी बरामद किए गए हैं।

दीपावली आते ही जुआरियों द्वारा जगह जगह जुए के फड सजाए जा रहे हैं, और जुआरियों को दबोचने के लिए पुलिस भी सक्रिय हो गई है। जिसको लेकर एट थाना प्रभारी कामता प्रसाद ने गुरुवार को पुलिस बल के साथ जुआरियो के खिलाफ धरपकड़ अभियान छेड़ दिया। जिन्होंने मुखबिर की सूचना के आधार कस्बे के मुहल्ला अम्बेडकर नगर से नत्थू अहिरवार को सट्टा लगाते गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं बल्कि कस्बे के मोहल्ला बजरंग के समीप सार्वजनिक स्थान पर हजारों रुपए से हार जीत की बाजी लगाकर खेले जा रहे जुए के फड की घेराबंदी कर दी। पुलिस बल देखकर जुआरियों में भगदड़ मच गई, लेकिन थानाध्यक्ष ने टीम के साथ घेराबंदी कर राजू प्रजापति, जगन्नाथ, एपील चौधरी, दीपक चौधरी व मनोज वर्मा को गिरफ्तार किया। वही अमीटा गांव में सार्वजनिक स्थान पर हारजीत की बाजी लगते हुए संजय कुमार, धर्मराज और मंगल कुशवाहा निवासी अमीटा को पकड़ा। थाना प्रभारी कामता प्रसाद ने बताया कि जुआरियो के पास से 15,750 रुपए व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किये गए। बताया कि पकड़े गए जुआरियो के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया गया।

## मारपीट व छेड़खानी के मामले में तीन लोगों को हुई तीन-तीन साल की सजा

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय में विचाराधीन मारपीट व छेड़खानी के मामले में करीब 6 वर्ष बाद तीन आरोपितों को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद 10-10 हजार रुपए के अर्थदन्ड से भी दंडित किया। शासकीय अधिवक्ता लखन लाल निरंजन ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 1 जून 2017 को अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति के घर पर रंजीत यादव, विशंभर यादव, जसवंत यादव ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर धावा बोल दिया था। आरोपित ने गृहस्वामी के गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट की व छेड़खानी की, मां को भी बुरी तरह से पीटकर अपमानित किया और जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। बाद में हमलावरों के विरुद्ध मारपीट, छेड़खानी व अनुसूचित जाति उत्पीड़न निवारण अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया। सीओ सिटी द्वारा मामले की विवेचना कर आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बाद में उनके विरुद्ध साक्ष्य संकलित कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। करीब छह साल चले ट्रायल के बाद गुरुवार को इस मामले में फैसला सुनाया गया। एससीएसटी कोर्ट के न्यायाधीश शिवकुमार ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने के बाद रंजीत यादव, विशंभर यादव व जसवंत यादव को दोषी पाते हुए तीनों को तीन-तीन साल की कैद की सजा सुनाई। साथ ही 10-10 हजार रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया गया।

## गोशालाओं व गोचर की भूमि को अतिक्रमणकारियों के कब्जे से शीघ्र कराया जाये मुक्तः राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह द्वारा 22 सितम्बर 2023 को जनपद महोबा में किए गए भ्रमण कार्यक्रम के दौरान दिए गए निर्देशों की प्रगति समीक्षा बैठक जनपद के नोडल अधिकारी, सचिव वित्त विभाग उत्तर प्रदेश शासन शाहिद मंजर अब्बास रिजवी की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की उपस्तिथि में विकास भवन सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में नोडल अधिकारी ने सर्वप्रथम गौ संरक्षण, गौशाला, चारागाहों को राजस्व विभाग द्वारा अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा प्लांटेशन और नैकियन ग्रास लगाने एवं गोवंशों का टीकाकरण का कार्य किए जाने के निर्देश दिए। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने बताया कि स्थाई और अस्थाई कुल 308 गौशालाएं हैं, जिनमें 42643 अन्ना गोवंश संरक्षित हैं तथा इस वर्ष 267000 कुंटल भूसा का भंडारण किया गया है और 22 एकड़ चारागाह की जमीन में नेकीयन घास लगाई गई है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग को जहाँ भी पुलिया कटी है वहाँ पुलिया बनाने हेतु निर्देशित किया। ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा में पाया कि हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है, इससे छतिग्रस्त सीसी रोड में रोड का मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष गांव में कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में कृषि विभाग की समीक्षा में मोटे अनाजों के बीजों को किसानो को उपलब्ध कराये और कहा कि कृषक गोष्ठी कराएं और मोटे अनाज के उत्पादन और उनसे होने वाले लाभ के बारे में किसानों को बताएं तथा उन्हें जागरूक करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया की आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाएं और लक्ष्य को जल्द पूर्ण करें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विद्युत् विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत् विभाग द्वारा जन शिकायतों का निस्तारण त्वरित ढंग से किया जाए और अधिकारीगण टेस्ट कॉल कर विद्युत विभाग के कर्मचारियों की समीक्षा करते रहें तथा एरिया के मीटर रीडर का व्हाट्सएप नंबर सभी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएं, जिससे उपभोक्ता अपने मीटर रीडिंग की फोटो खींचकर मीटर रीडर को भेज सकें और वह रीडिंग स्लैब का लाभ ले सके और समय से बिल भुगतान कर सके। उन्होंने 05 साल से ऊपर की जो सड़कें हो गयीं है उनकी समीक्षा की तथा सड़क मरम्मत कराने हेतु निर्देश दिए।

## खेत की रखवाली करने गए किसान की संदिग्ध हालत में मौत

**जन एक्सप्रेस । कदौरा**

थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में खेत की रखवाली करने गए किसान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिए ही शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी सीताराम निषाद 50 बर्ष पुत्र माहेश्वरीदीन बीती रात गांव के बाहर शिद्ध बाबा स्थान के पास स्थित अपने खेत की रखवाली करने गया था। बताया गया है कि वह खेत पर ही सो गया। सुबह समय रहते घर न पहुंचने पर परिजन खेत पर उसे देखने पहुंच गए, और उन्होंने उसे वहां अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। घटना की खबर गांव में फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर पहुंच गई। वही मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने बताया की मृतक कई माह से बीमार चल रहा था जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिए ही शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

## मानव जीवन स्वच्छ और सुरक्षित रहेगा तभी होगी धनवर्षा

**जन एक्सप्रेस । विजय प्रताप सिंह**



**महोबा।** अज्ञानता और निर्क्षरता का अभिशाप झेल रहे लोगो को समाज के चतुर चालाक लोग सदियो से बेवकूफ बनाते रहे है और आगे भी बनाते रहेगे। स्वार्थी मानव ने भारतीय परम्पराओ को भी अपनी निहीत स्वार्थ पूर्ति के लिए तहस, नहस करके स्वार्थ सिद्धि करने मे जरा भी संकोच नही किया है। धनतेरस पर्व का क्या अर्थ है और धनतेरस पर्व की क्या परम्पराएं है इसका लोगो को जरा भी भान नही है। क्योकि वह समाज के ठेकेदारो की बातो पर विश्वास करते है।

धनतेरस पर्व सोना चॉदी, बर्तन, वस्त्र और वाहन खरीदने का पर्व कदापि नही है जबकि स्वार्थी लोगो ने धनतेरस पर्व पर सोना चॉदी, नये वाहन, बर्तन, वस्त्र आदि खरीदने की परम्परा को को अत्यन्त शुभ और धनवर्षा होने का पर्व कहकर न केवल गुमराह किया बल्कि स्वार्थी तथ्यो ने अपने लिएं धनवर्षा का पर्व अवश्य श्रृजन कर लिया। वेदाचार्यो की मानो तो धनतेरस पर्व भगवान धनवंतरि की पूजा आराधना का पर्व है चूकि भगवान धनवंतरि आयुर्वेद के जनक है उनके द्वारा आयुर्वेद का अविष्कार किया गया था। धरा पर औषधि का निर्माण मानव उपयोग के लिए भगवान धनवंतरि की देन है। वेदाचार्यो और भगवान धनवंतरि की मानो तो धनतेरस पर्व पर सर्द कालीन ऋतु का आगमन हो जाता है और इस मौसम मे जड़ी बूटियां अपने पूरे तेजस्व पर होती है। उनकी सिद्धि प्राप्त करने हेतु अनादिकाल मे ऋषि मुनियो द्वारा भगवान धनवंतरि द्वारा बतायी गयी औषधियो के सेवन और उनको पूर्ण तेजस्व मे पानी की विधि विधान को मुहूर्त अनुसार पूजा, आराधना कर प्राप्त करना है चूकि अनाधिकाल मे जब होम्योपैथिक और एलोपैथिक का अविष्कार नही हुआ था उस समय भगवान धनवंतरि ने आयुर्वेदिक का अविष्कार किया था। आयुर्वेद के अनुसार दुर्लभ जड़ी बूटियो को प्राप्त करने का अपना एक विधान है उस विधि विधान से जड़ी बूटियो के उपयोग और उनके संग्रह का पर्व धनतेरस है परंतु यहाॅ स्वार्थी मानव ने धनतेरस पर्व को सोने चॉदी के आभूषण, वस्त्र, वाहन तथा बर्तन भाड़े खरीदने मे परिलक्षित कर रखा है जहाॅ तक दीपावली पर्व मनाये जाने की परम्परा का श्रृजन श्रेतायुग मे हुए राम रावण युद्ध और रावण की पराजय तथा श्रीराम की जीत होने पर 14 वर्ष का वनवास काल समाप्त होने पर राम लक्ष्मण और मॉ जानकी सहित अयोध्या वापिस आये तो वहॉ के वाशिंदो ने दीप प्रज्जुलित कर श्रीराम का जोरदार स्वागत किया था और जहॉ तक मकानो और साफ सफाई का तत्पर है।

## राकेश श्रीवास्तव अध्यक्ष व अमित मिश्र 'पहाड़ी' चुने गए महामंत्री



**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ की बरहज इकाई में सर्वसम्मत से संपादक राकेश श्रीवास्तव को अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कैलाश मिश्रा %पहाड़ी% के पौत्र अमित मिश्रा %पहाड़ी% को इकाई का महासचिव चुना गया है।

उक्त आशय की सूचना गुरुवार को संगठन के केन्द्रीय सूचना कक्ष से दोपहर तीन बजे जारी की गई। दोनों पदाधिकारीयों के मनोनयन पर संगठन के संस्थापक चेयरमैन सरदार दिलावर सिंह, केन्द्रीय संरक्षक मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी, केन्द्रीय मंत्री बशीर खान, संरक्षक मार्कण्डेय मिश्र, मण्डल अध्यक्ष डॉक्टर सतीश चन्द्र शुक्ला, ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया है कि बरहज में पत्रकारों को संगठित करने में मदद मिलेगी।

## बलात्कारी को मिला 20 वर्ष का कठोर कारावास

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम अल्का चैधरी ने बलात्कारी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 15 हजार रूपये के अर्थदण्ड से नवाजा है। दुराचारी को पुलिस ने न्यायालय से ही बंदी बनाकर जेल भेजा है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना खरेला मे पहुॅचकर पीड़िता ने वर्ष 2019 को मुकद्मा अपराध संख्या 153/2019 धारा 363,366,376 के तहत महेश पुत्र बाबू केवट निवासी ग्राम इचैली थाना मौदहा जिला हमीरपुर के विरूद्ध मुकद्मा पंजीकृत कराया था। महेश केवट नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मुकद्मा पंजीकृत कर आरोपी महेश केवट को बंदी बनाकर जेल भेजा था, तथा मामले की विवेचना कर चार्जसीट न्यायालय को सौपी थी।

न्यायालय मे सत्र परीक्षण के दौरान पीड़िता, चिकित्सक तथा पलिस के ब्यान होने और बचाव पक्ष तथा अभियोजन पक्ष के विद्वान अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाये और उसके साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सिद्ध हो जाने पर विद्वान न्यायाधीश अल्का चैधरी ने गुरूवार के रोज खचाखच भरे न्यायालय मे फैसला सुनाते हुए महेश केवट को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 15 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

सजा के बढ़ते ही दुष्कर्मी फूट-फूटकर रो- रहा था।

## प्रधान द्वारा विकास कार्यो में किये गये गड़बड़झाले का चिट्ठा उजागर किया तो पत्रकार के विरूद्ध दर्ज करायी रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

*** घटना को लेकर पत्रकारों मे आक्रोश, पुलिस अधीक्षक से की मामले की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग**

मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना जिसके संचालन मे केन्द्र सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलो मे निवासरत निर्धन व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने की मंशा के तहत संचालित की गयी थी। केन्द्र सरकार की मंशा के विपरीत संचालित योजना के विपरीत ग्राम प्रधान बम्हौरी कुर्मिन द्वारा मजदूरों को दरकिनार कर जेसीबी मशीनो से ग्राम विकास कार्यो को कराये जाने और फर्जी मजदूरों के नाम पते से मस्टारोल तैयार कर मजदूरों के नाम पते दर्शाकर मजदूरी हड़पे जाने तथा गांव मे कुछ अन्य विभागों द्वारा कराये गये विकास कार्यो को ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने और लाखों रूपये फर्जी विकास कार्यो के दस्तावेंज तैयार कर लाखों रूपयो के धनराशि हड़पे जाने जैसे गम्भीर मामले की शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिले के उच्च पदस्त अधिकारियो से किये जाने के मामले को पत्रकार अरविन्द्र कुमार चतुर्वेदी द्वारा ग्राम प्रधान द्वारा किये गये विकास कार्यो कें फर्जीवाड़े की खबर चलाये जाने से बौखलाएं प्रधान ने पत्रकार के विरूद्ध मनगढ़न्त तथा झूठे और मिथ्या आरोप लगाते हुए थाना महोबकण्ठ मे मुकद्मा पंजीकृत कराया है। और थाना महोबकण्ठ पुलिस ने भी प्रधान द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र की जांच पड़ताल किये बगैर पत्रकार के विरूद्ध मुकद्मा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस की इस उत्पीड़नात्मक कार्यवाही से आहत व दुखी होकर पत्रकार अरविन्द्र चतुर्वेदी ने पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौपकर मामलें की निष्पक्ष जांच पड़ताल कराये जाने की मांग की है। पत्रकार के विरूद्ध प्रधान द्वारा अपने काले कारनामो को दबाये जाने की नियत से पत्रकार के विरूद्ध थाना महोबकण्ठ मे कराये गये मुकद्मा पंजीकृत को लेकर जिले के पत्रकारों मे जबरजस्त आक्रोश व्याप्त है।

संयुक्त मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष बी0डी0 यादव जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष हरीकृष्ण पोद्दार, प्रेस क्लब महोबा के अध्यक्ष अमित श्रोतीय, संयुक्त मीडिया क्लब बुंदेलखण्ड प्रभारी इरफान पठान, अजय अनुरागी, तेज प्रताप सिंह, मुकेश यादव, वहीद अहमद, इमामी आदि पत्रकारो ने अफसोस जताते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा है कि पत्रकारों को इस तरह की कार्यवाहियां करते हुए भ्रष्टाचारियों को बढावा देना है।

पुलिस की इस कार्यवाही से पत्रकार अपने दायित्वों से विमुख नही हो सकते है।

पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वाहन निष्ठा के साथ करते रहे है और करते रहेगें। पत्रकारों के विरूद्ध इस तरह की कायराना कार्यवाही कर उन्हे अपने कर्म कृतिज्ञों से विमुख नही किया जा सकता है।

## ट्रैक्टर पलटने से एक किसान की मौत तथा एक बुरी तरह घायल

**जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी/देवरिया**

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा करमुवा महुजा बंधे से एक ट्रैक्टर के पलटने से एक किसान की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा एक नाबालिक युवक ट्रैकटर के निचे दबने से बुरी तरह घायल हो गया जिससे उसकी हालत गंभीर बना हुवा है। प्राप्तसुचनानुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महूजा निवासी गाँधी साहनी पुत्र स्व स्वार्थ साहनी भाड़े का ट्रैक्टर लेकर खेत बोने के लिए करमुवा अपने खेत मे आ रहे थे तथा ट्रैक्टर को बंधे से नीचे खेत मे उतारते समय ट्रैक्टर पलट गया जिस पर खाद बीज लेकर किसान भी उसी ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था जिससे ट्रैक्टर की पलटने से मौके पर ही उसकी दबकर मौत हो गई और उसी ट्रैक्टर पर एक नाबालिक युवक भी सवार था जिससे वह भी ट्रैक्टर के नीचे दब गया दबने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, खबर की सूचना मिलते ही भाटपाररानी एस आई धर्मेन्द्र कुमार, हरिश्चन्द्र कनौजिया , काह्न रामचंद्र चौहान तथा अन्य हमराही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई । चनूकी प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद ने बताया कि तत्काल पुलिस के देखरेख मे परिजनों ने उसे पीएचसी लार इलाज हेतु लेकर आए लेकिन डॉक्टर ने नाबालिक युवक को तत्काल गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

लार पुलिस ने तत्काल शव को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक गांधी साहनी को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।